26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : बुधवार, 28 जनवरी, 2026
अंक- 95 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजीत पवार की विमान दुर्घटना में मौत

मुंबई (एजेंसी/चिंगारी)। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता अजीत पवार का आज सुबह बारामती हवाई अड्डे पर विमान दुर्घटना में निधन हो गया। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय के अधिकारियों ने इस दुखद घटना की पुष्टि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वीएसआर एविएशन द्वारा संचालित निजी विमान लियरजेट पैंतालीस सुबह करीब पौने नौ बजे बारामती हवाई पट्टी पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में श्री पवार के साथ एक निजी सुरक्षा अधिकारी, एक सहायक और चालक दल के दो सदस्य सवार थे। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार विमान में सवार सभी पांच लोगों की इस हादसे में मौत हो गई है। स्थानीय लोग इस घटना के प्रत्यक्षदर्शी रहे और सूचना मिलते ही एम्बुलेंस तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित आपातकालीन टीमें मौके पर पहुंच गईं। दुर्घटना के कारणों और विमान को हुई क्षति की जांच की जा रही है। श्री पवार बारामती में जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों के लिए रैलियों सहित कई सार्वजनिक कार्यक्रमों में शामिल होने वाले थे। इससे पहले मंगलवार को उन्होंने मुंबई में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में बुनियादी ढांचे पर महाराष्ट्र कैबिनेट समिति की बैठक में भाग लिया था। इस दुर्घटना से पूरे महाराष्ट्र में शोक की लहर दौड़ गई है और विभिन्न नेताओं तथा नागरिकों ने उपमुख्यमंत्री के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। अहमदनगर जिले के राहुरी तालुका



के देवलाली प्रवरा में 22 जुलाई 1959 को जन्मे अजीत पवार महाराष्ट्र के एक प्रमुख राजनीतिक नेता थे, जिन्हें उनके समर्पण और गतिशील नेतृत्व के लिए जाना जाता था। वह चार बार उपमुख्यमंत्री रहे और उन्होंने सांसद, विधायक तथा विभिन्न विभागों के राज्य मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया। जनता के बीच दादा के नाम से लोकप्रिय श्री पवार अपनी समयबद्धता, स्पष्टवादिता और जन सेवा के प्रति प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते थे।

ग्राम पंचायत के सभी नगरवासियों को



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



नन्दिनी राजपूत
प्रधान

हिमांशु राजपूत
प्रधान पति

ग्राम पंचायत जालबपुर गूदड़, नजीबाबाद

गीजर ही गीजर



सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज

हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।



खुल गया! खुल गया!

श्री लाइट

सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476

## शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने दुखी मन से छोड़ा माघ मेला

## बोले- ऐसी कभी कल्पना नहीं की थी

**प्रयागराज ( एजेंसी/चिंगारी )।** प्रयागराज में चल रहे माघ मेला से शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने दुखी मन से विदा लेने का ऐलान किया है। बुधवार सुबह आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि वह आस्था और श्रद्धा के साथ माघ मेला में आए थे, लेकिन परिस्थितियां ऐसी बन गईं कि बिना स्नान किए ही लौटना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज हमेशा से शांति, विश्वास और सनातन परंपराओं की भूमि रही है और यहां से इस तरह लौटना उनके लिए बेहद पीड़ादायक है। शंकराचार्य ने बताया कि एक ऐसी घटना घटी, जिसकी उन्होंने कभी कल्पना नहीं की थी, जिससे उनका मन व्यथित हो गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि माघ मेला में स्नान करना उनके लिए केवल एक धार्मिक कर्म नहीं, बल्कि आस्था का विषय था। बावजूद इसके, मौजूदा हालात में उन्होंने मेला छोड़ने का कठिन निर्णय लिया। उनके इस फैसले के बाद संत समाज और श्रद्धालुओं में चर्चा तेज हो गई है। शंकराचार्य ने कहा कि हमने अन्याय को अस्वीकार किया है और न्याय की प्रतीक्षा करेंगे। आज शब्द साथ नहीं दे रहे स्वर बोझिल है। प्रयागराज की धरती पर यहां पर जो कुछ घटित हुआ उसने हमारी आत्मा को झकझोर दिया है। संगम में स्नान किए बिना विदा ले रहे हैं। आज हम यहां से जा रहे हैं, लेकिन अपने पीछे सत्य की गूंज

## सूचना

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या- UK-1520120017374 मेरे पिता का नाम भूलवश रामानुज दर्ज हो गया था, जबकि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम रामानुज राय है, जो सही है। भविष्य में इन्हें रामानुज राय के नाम से जाना-पहचाना व पुकारा जाये।

-विनोद राय पुत्र रामानुज राय
निवासी सिद्धबली मार्ग विकास नगर, गाड़ी घाट तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आर्मी मैन व पुलिसकर्मियों के लिये 5,000/- रुपये की आकर्षक छूट

अब एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर की सर्विस सेंटर आपके ध्रुविका मोटर्स पर उपलब्ध है।



एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।

सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# हल्दौर में संस्थाओं पर शान से लहराया तिरंगा


नगर पालिका कार्यालय


ब्लॉक कार्यालय हल्दौर

**हल्दौर ( चिंगारी )**। गणतंत्र दिवस पर नगर पालिका परिषद के कार्यालय पर पालिकाध्यक्ष श्रीमती विमला देवी व अधिशासी अधिकारी श्रीमती सीमा वर्मा ने तिरंगा फहराया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष पति दीपक सैनी, पालिकाकर्मी अजय मोहन शर्मा, अरूण कुमार व मौहम्मद नौशाद सहित समस्त स्टाफ व सभासदगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मरहूम सभासद गुलफाम फरीदी की पुत्री अलीना फरीदी ने देशभक्ति का गीत गाते हुए अपने वालिद के कार्यकाल को याद किया। पालिकाध्यक्ष और ई.ओ. द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शॉल ओढ़ाकर व माला पहनाकर सम्मान किया गया। ब्लॉक कार्यालय पर ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह व बीडीओ/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुनाल रस्तोगी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। इस अवसर पर एडीओ पंचायत सुशील कुमार, एडीओ आईएसबी अजयपाल सिंह, एडीओ समाज कल्याण रवि शर्मा, एडीओ एसटी आरेन्द्र कुमार, परमेन्द्र सिंह, मनोज कुमार, दुष्यंत चौधरी, भानुप्रताप सिंह, सचिव शरद चौधरी, नफीस आदि उपस्थित रहे। सहकारी गन्ना विकास समिति कार्यालय पर चेयरमैन नरेश कुमार व सचिव मुकेश कुमार राठी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर समस्त स्टाफ व संचालक उपस्थित रहे। जिला ग्राम्य विकास संस्थान कार्यालय पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी अजीत कुमार ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर शीतल राज सिंह, धर्मेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। ब्लॉक संसाधन केंद्र हल्दौर पर बीईओ श्रीमती अलका अग्रवाल द्वारा तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर शशांक कौशिक, संध्या रानी, वैभव कुमार सहित स्टाफ उपस्थित रहा। मुस्लिम फंड बसी किरतपुर ब्रांच हल्दौर के कार्यालय पर ब्रांच मैनेजर रफाउल इस्लाम द्वारा तिरंगा फहराया गया। इस मौके पर कैशियर अंजार अहमद, जहीर आलम मोंटी, मौ.अमजद, दिलशाद मलिक आदि मौजूद रहे। बिजलीघर पर एसडीओ अभय कुमार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर जेई गौतम कुमार आदि उपस्थित रहे। रोटरी क्लब कार्यालय पर क्लब अध्यक्ष नवीन कुमार एड. द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया।

## दुकानदारों को तिरंगा व टोपी वितरित की

**हल्दौर के समाजसेवी व वरिष्ठ कांग्रेस नेता शादीलाल मारवाड़ी द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी मौ. हनीफ सलमानी, हाजी गुलाम मुस्तफा आदि के साथ गणतंत्र दिवस के मौके पर नगर के दुकानदारों को तिरंगा, टोपी व मिष्ठान वितरित कर गणतंत्र दिवस की बधाई देकर उनमें देशभक्ति का और जज्बा व जोश भरा गया। उनके इस पुनीत कार्य की सभी नगरवासियों ने सराहना की।**

## गणतंत्र दिवस पर आयोजित की साइंस एग्जीबिशन

**हल्दौर ( चिंगारी )**। जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी में गणतंत्र दिवस के मौके पर साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ बीडीओ/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुनाल रस्तोगी एवं विभिन्न पत्रकार साथियों द्वारा किया गया। इस एग्जीबिशन में विद्यार्थियों ने 40 से अधिक वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए, जिनका मुख्य उद्देश्य दैनिक जीवन की समस्याओं का वैज्ञानिक समाधान प्रस्तुत करना, पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा बचत, जल प्रबंधन तथा तकनीकी नवाचार के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। विद्यार्थियों के मॉडलों ने यह संदेश दिया कि सही मार्गदर्शन मिलने पर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी विज्ञान के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।



**साइंस एग्जीबिशन को संबोधित करते बीडीओ/ जॉइंट मजिस्ट्रेट कुनाल रस्तोगी**

बीडीओ कुनाल रस्तोगी ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए वर्किंग मॉडलों की सराहना करते हुए कहा कि इन मॉडलों में छात्रों की मेहनत, सोच और रचनात्मकता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। इस प्रकार के प्रयास बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखते हैं। विद्यालय प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने साइंस एग्जीबिशन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह की प्रदर्शनियां विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, टीमवर्क और आत्मविश्वास को बढ़ाती हैं। विद्यालय का उद्देश्य है कि छात्र केवल परीक्षा तक सीमित न रहे, बल्कि प्रयोग और नवाचार के माध्यम से समाज के लिए उपयोगी बनें। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थी, अभिभावकगण एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# तिरंगे फहराये शान से, विद्यालय गूंज उठे राष्ट्रगान से

**हल्दौर ( चिंगारी )। नगर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर शिक्षण संस्थानों पर तिरंगा फहराया गया।**

गहलौत कॉलेज में कॉलेज संस्थापक उमेशचंद्र गहलौत व अशोक कुमार गहलौत द्वारा तिरंगा फहराया गया। इस मौके पर प्रबंधक मानव मनोहर गहलौत, प्राचार्या डॉ. पंकज सिंह, कपिल कुमार, मनोज कुमार, जावेद सिद्दीकी व शिवानी राजपूत आदि उपस्थित रहे।

हल्दौर ग्रुप ऑफ कॉलेज में गणतंत्र दिवस पर प्राचार्य डा.योगेन्द्र कुमार ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर कॉलेज की अध्यक्षा श्रीमती सुमित्रा देवी, निदेशक डॉ. अनुज कुमार सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

आरएचएस इंटर कॉलेज में ध्वजारोहण सेवानिवृत्त शिक्षक जयपाल सिंह व महेंद्र सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके उपरान्त राष्ट्रीयगान एवं राष्ट्रीय गीत और छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मेघराज सिंह राणा, पवित्र कुमार, नीरज चौधरी, अवनीश कुमार सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



एससीएम चिल्ड्रन एकेडमी हल्दौर



साईं इंटरनेशनल स्कूल हल्दौर

एससीएम चिल्ड्रन एकेडमी पर गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रबंध समिति के रवि राजपूत द्वारा तिरंगा फहराया गया। इस मौके पर ठा. संजीव कुमार बैस, अमित सिंह, प्रधानाचार्या रुचि अग्रवाल, उपप्रधानाचार्या तब्बसुम आदि मौजूद रहे। बच्चों ने देशभक्ति के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

साईं इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल हल्दौर में सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबंधक भुवनेश सिंह, कोषाध्यक्ष आयुष रस्तौगी, प्रबंध समिति की सरिता शर्मा, मंजू सिंह एवं प्रधानाचार्य चंचल वशिष्ठ ने देश के वीर सपूतों के समक्ष दीप प्रज्वलित किया, तत्पश्चात सामूहिक रूप से धजारोहण किया।

इस अवसर पर विद्यालय में मुख्य अतिथि के रूप में नवशक्ति लायनेस क्लब हल्दौर रहा। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। 'विकसित भारत' पर भाषण के साथ ही नृत्य नाटिका के माध्यम से 'भारत में विकास के बढ़ते चरण' को प्रस्तुत किया गया एवं 'भारतीय सेना' के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, साथ ही देशभक्ति के गीतों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई।

गीता चिल्ड्रन एकेडमी पर सेवानिवृत्त फौजी कौशल चौधरी एवं विद्यालय के एमडी नरेंद्र सिंह नरूका द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य प्रमोद चौहान सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया।

डॉ. फकीरचंद सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हल्दौर में सर्वप्रथम ध्वजारोहण विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र कुमार रस्तौगी के द्वारा किया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान एवं झंडा गीत व उद्घोष लगाए गए। मां सरस्वती के सम्मुख पुष्पार्चन विद्यालय के व्यवस्थापक देवेंद्र कुमार रस्तौगी, कोषाध्यक्ष संदीप कुमार रस्तौगी, बीना प्रकाश, डॉ. पीयूष प्रकाश एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजपाल सिंह के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन हेमराज सिंह एवं छात्र संसद के प्रधानमंत्री वंशराज कौशिक ने किया।

जी.एस.एन इंटरनेशनल एकेडमी में ध्वजारोहण विद्यालय के प्रबंधक रघुराज सिंह नागर, प्रोफेसर ललित राजपूत एवं शिवम वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के प्रवक्ता विकास पंकज द्वारा किया गया।

सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल हल्दौर में गणतंत्र दिवस का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के संदेशातमक एवं देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर शेनेट, प्रबंधक महोदया सिस्टर फिलबी, केजी इंचार्ज सिस्टर धन्या द्वारा विद्यालय की वरिष्ठ अध्यापिका मैम अवनीत कौर को सम्मानित किया गया। मैम अवनीत कौर के कर कमलों द्वारा राष्ट्रध्वज फहराया गया। इसी के साथ सस्वर राष्ट्रगान गाया गया।

## मदरसे में गूंजे कौमी तराने


मदरसा इस्लामिया अरबिया इशातुल उलूम हल्दौर

**हल्दौर ( चिंगारी )**। मदरसा इस्लामिया अरबिया इशातुल उलूम हल्दौर में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मदरसे में हाजी फैय्याजुद्दीन अंसारी व अब्दुल खलीक अंसारी द्वारा तिरंगा फहराया गया। बच्चों ने तिलावत नात, नजम व देशभक्ति के तराने गए। मोती मस्जिद के इमाम मुफ्ती मौलाना मुहम्मद इरशाद कासमी ने बच्चों को गणतंत्र दिवस के बारे में बताया तथा उन्हें पुरस्कृत भी किया। कार्यक्रम में कारी उसैब, कारी जुबैर अहमद, आबिद अंसारी आदि मौजूद रहे। आखिर में दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

धूमधाम से निकाली तिरंगा यात्रा
(पेज 6)



# चोर दुकान में नकब लगाकर गल्ले में रखे नकदी व जेवर ले गये चुराकर

**चांदपुर (चिंगारी)।** बीती रात चोरों ने टायर्स की दुकान में पीछे से कुम्बल लगाकर गल्ले में रखे कंपनी की ओर से गिफ्ट में मिले लाखों रुपए कीमत के सोने-चांदी के सिक्के, चांदी की लक्ष्मी गणेश की मूर्ति व 55 हजार की नकदी चोरी कर ली। चोरी की घटना से सनसनी फैल गई। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना क़ैद हो गई।



नगर के मुहल्ला साहुवान निवासी अजय कुमार बंसल पुत्र जयगोपाल बंसल की बिजनौर रोड पर रचना टायर्स के नाम से दुकान है। बीती रात पीछे की दीवार कूदकर अन्दर आते चोरों ने दुकान में पीछे से कुंबल लगाकर गल्ले में रखे सोने के एक ग्राम से 5 ग्राम तक के सिक्के जिनका वजन लगभग 20 ग्राम है तथा 10 चांदी के सिक्के, चांदी की लक्ष्मी गणेश की मूर्ति व 55 हजार रूपए व कुछ चैक चोरी कर लिये। आज सुबह जब अजय बंसल का पुत्र शुभम बंसल ने दुकान खोली तो अन्दर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। दुकान स्वामी अजय बंसल ने बताया कि चोरी गए सोने-चांदी के सिक्के उन्हें कंपनी की ओर से गिफ्ट में मिले थे,जो दुकान में ही रखे हुए थे। घटना के सम्बन्ध में थाने में तहरीर दे दी गई है।

## संबंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र कलीम अहमद बुरी संगत में पड़ गया है और मेरे काफी समझाने पर भी नहीं समझता है। वह मुझसे व मेरे परिवार से लड़ाई झगड़ा व मारपीट करता है, उसकी बुरी आदतों से तंग आकर मैंने अपने पुत्र कलीम अहमद को अपनी चल वह अचल संपत्ति व अपने परिवार से दिनांक 10/12/2025 को बेदखल कर दिया था, तब से कलीम अहमद का मेरे परिवार से कोई संबंध वास्ता नहीं है। वह अपने किसी भी अच्छे-बुरे कृत्य के लिए स्वयं जिम्मेदार है मेरा व मेरे परिवार का उसके किसी भी कार्य से कोई मतलब वास्ता नहीं है। **-अब्दुल खालिक पुत्र अब्दुल हक निवासी ग्राम अहमदपुर सादात उर्फ जोगीरामपुरी थाना नगीना देहात, रायपुर सादात बिजनौर, जिला बिजनौर**

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any) having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# सड़क हादसे में मरे दोस्तों के शव शेरकोट पहुंचे तो मातम पसर गया

**शेरकोट (चिंगारी)।** मंगलवार की शाम नगर के दो युवकों की नगीना क्षेत्र में सड़क हादसे में हुई मौत से कस्बे में शोक है। देर रात युवकों के शव घर पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया। देखने वालों की भारी भीड़ लग गई। गौरतलब है कि कल शाम शेरकोट के मोहल्ला खुराड़ा निवासी नफीस अहमद का पुत्र मोहम्मद कैफ (22 वर्ष) अपने दोस्त मोहल्ला कोटरा निवासी फहीम अहमद पुत्र शमीम अहमद के साथ कार से किसी काम से नगीना जा रहे थे। इस दौरान ग्राम तीबड़ी के निकट तेज गति के कारण अनियंत्रित होकर कार पलट जाने से हुए भीषण सड़क हादसे में कार सवार दोनों दोस्तों की मौत हो गई थी। घटना की खबर मिलने पर परिजन मौके की ओर दौड़ पड़े थे। परिजनों द्वारा कोई कार्यवाही न करने पर पुलिस ने बिना पोस्टमार्टम कराए ही शव परिजनों को सौंप दिये। दोनों युवकों के शव देर रात उनके घर पहुंचे तो परिजनों में कोहराम मच गया। देखने वालों की भीड़ लग गई। बताया जाता है कि मृतक कैफ पांच भाई-बहनों में दूसरे नंबर का था, जबकि फहीम सात बहन-भाइयों में सबसे छोटा था। दोनों युवक अविवाहित थे। समाचार लिखे जाने तक दोनों के शव घर पर थे। तदफीन की तैयारी की जा रही थी। शोक संवेदना व्यक्त करने वाला का तांता लगा था।

# फुरकान बाग कालोनी में आये चोर मकानों के ताले तोड़े, मचा शोर

## जाग होने पर युवक को घायल कर हुए फ़रार

**बिजनौर (चिंगारी)।** बीती रात चांदपुर की चुंगी के पास स्थित फुरक़ान बाग कालोनी में टावर के पास चोरों ने कई मकानों के ताले तो तोड़ लिये, लेकिन वे चोरी करने में कामयाब नहीं हुए। जाग होने पर चोर एक युवक को लहूलुहान कर फरार हो गये। बौखलाहट में चोर सब्बल, प्लास और चादर भी मौके पर छोड़ गये।

बीती रात एक बजे के बाद चोर कॉलोनी में टावर के पास शब्बू के मकान के पास पहुंचे। उन्होंने वहां शब्बू के बराबर वाले मकान का ताला तोड़ने की कोशिश की। उक्त मकान के मालिक दिल्ली रहते हैं। इसके बाद चोरों ने डा. आरिफ उर्फ गोलू के बराबर वाले मकान का ताला तोड़ा। चोर उक्त मकान की छत के सहारे शब्बू के मकान में पहुंच गये। वे शब्बू के मकान की खिड़की का सब्बल से सरिया मोड़ रहे थे कि आहट सुनकर शब्बू की आंख खुल गई। शब्बू ने सरिया मोड़ रहे चोर का अंदर से ही हाथ पकड़ लिया और शोर मचा दिया। चोर ने शब्बू के हाथ पर किसी धारदार चीज से वार कर उसे लहूलुहान कर दिया। चोर बौखलाहट में सब्बल, प्लास और अपनी चादर वहीं छोड़कर फरार हो गये। घटना से कालोनी में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना जटान पुलिस चौकी को दे दी गई है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!



MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट

आकर्षक उपहार



XTREME 160 पर पायें
10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट

कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

भली लगे या बुरी ...

## 21 वीं सदी में ऑनर किलिंग!

ऑनर किलिंग की घटनाओं को देखते हुए कह सकते हैं कि 21वीं सदी में भी कुछ लोगों की सोच में कोई बदलाव नहीं आया है और वह आज भी आदिम दौर में जी रहे हैं। ऑनर किलिंग के लिए हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान व दिल्ली के कई क्षेत्र विशेष रूप से हाल के वर्षों में कुख्यात हुए हैं। विशेषकर हरियाणा तो सारी सीमाएं तोड़ रहा है। यहां मर्जी से विवाह करने के इच्छुक या सगोत्रीय प्रेमी जोड़ें को अपनों के ही हाथों जब-तब जान गंवानी पड़ रही है। देश भर में इस मुद्दे पर होने वाले धरना-प्रदर्शन और अदालत द्वारा गंभीर चिंता जताये जाने के बावजूद तथाकथित इज्जत के रखवाले माता-पिता तथा सगे-सम्बन्धी अपने ही बच्चों को मारने से बाज नहीं आ रहे हैं। इस प्रसंग में रोहतक की एक घटना ने क्रूरता की हदें पार कर दीं। जिले के कलानौर क्षेत्र के धरनौती गांव में जाट समुदाय की 20 वर्षीय लड़की और 25 वर्षीय लड़का एक ही गोत्र में पैदा होने के चलते प्रेम करने के अपराध में परिवार द्वारा मार डाले गए। लड़की फाइन आर्ट्स की छात्रा और लड़का आईटीआई डिप्लोमा का छात्र था। दोनों तीन साल से एक-दूसरे को चाहते थे। परिवारवालों के विरोध के बावजूद शादी करने का फैसला कर दोनों दिल्ली चले आए तो लड़की के घरवालों ने उनके दिल्ली ठिकाने का पता लगा दोनों से वादा किया कि उन्हें कुछ नुकसान नहीं होगा, वे घर आ जाएं। आश्वासन पा दोनों घर आ गए। लेकिन घरवालों ने पहले लड़की को मौत के घाट उतार दिया और फिर धर्मेंद्र के हाथ-पैर तोड़ और सर काट शव उसके घर के सामने फेंक दिया। इस मामले में लड़की के मां-बाप और चाचा गिरफ्तार हो गए हैं। गिरफ्तार पिता को अपने किये पर कोई पछतावा नहीं। उसका कहना था कि जरूरत पड़ी तो मैं फिर ऐसा ही करूंगा। लड़के के घरवालों ने भी मुकदमा दर्ज करने से इन्कार कर दिया। लड़की के परिवारवाले आनन-फानन में अन्तिम संस्कार कर रहे थे, तो पुलिस ने अधजला शरीर कब्जे में ले लिया। समूचे गांव के लोग इस घटना में मूकदर्शक बने रहे। ऐसी ही कुछ और घटनाएं हरियाणा में हो चुकी हैं। जाहिर है हमारे समाज में रुढ़िवादिता की जड़ें आज भी बहुत गहरी हैं। परम्पराओं के नाम पर मानवता को तार-तार किया जाता है।

# यूजीसी की नई गाइडलाइन

# सवर्ण छात्रों को संदेह के कटघरे में खड़ा करती व्यवस्था!




डॉ. पंकज भारद्वाज
(संपादक एवं साहित्यकार)
मोबाइल- 9412452029

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा हाल ही में जारी की गई नई गाइडलाइन ने उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता और सुरक्षा के नाम पर एक ऐसी व्यवस्था को जन्म दिया है, जिसने सवर्ण वर्ग के छात्रों को असहज, आशंकित और असुरक्षित बना दिया है। विशेष रूप से वह प्रावधान, जिसमें ओबीसी, अनुसूचित जाति/जनजाति एवं दिव्यांग वर्ग के छात्रों के साथ भेदभाव, मारपीट या जाति आधारित व्यवहार के मामलों में सवर्ण छात्र को सीधे दोषी की श्रेणी में खड़ा कर दिया जाता है, गंभीर प्रश्न खड़े करता है।

### आरोप ही अपराध बनता जा रहा है

यूजीसी की नई गाइडलाइन के अनुसार यदि किसी सवर्ण छात्र पर यह आरोप लगता है कि उसने किसी ओबीसी, अनुसूचित जाति या दिव्यांग छात्र के साथ भेदभाव किया है, तो संस्थान स्तर पर कठोर कार्रवाई का प्रावधान है। समस्या यह नहीं कि भेदभाव के विरुद्ध सख़्ती की जा रही है, समस्या यह है कि यहां जांच से पहले ही मानसिक रूप से दोषी मान लेने की प्रवृत्ति दिखाई देती है। यह न्याय के उस मूल सिद्धांत के विपरीत है, जिसमें दोष सिद्ध होने तक व्यक्ति निर्दोष माना जाता है।




### क्या सवर्ण होना ही संदिग्ध होना है?

आज का सवर्ण छात्र यह महसूस कर रहा है कि वह किसी भी शैक्षणिक परिसर में कदम रखते ही संदेह की दृष्टि से देखा जा रहा है। एक छोटी-सी बहस, सामान्य विवाद या व्यक्तिगत टकराव भी यदि जाति के चश्मे से देखा गया, तो उसका परिणाम सवर्ण छात्र के लिए निलंबन, एफआईआर या शैक्षणिक भविष्य पर संकट के रूप में सामने आ सकता है। यह स्थिति न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि भय का वातावरण भी बनाती है।

### समान कानून, असमान व्यवहार

यूजीसी की गाइडलाइन में यह स्पष्ट असंतुलन दिखाई देता है कि एक वर्ग को संरक्षण देने के नाम पर दूसरे वर्ग को कठोर निगरानी और दंड के दायरे में डाल दिया गया है। यदि वास्तव में उद्देश्य न्याय है, तो नियम सभी के लिए समान होने चाहिए। केवल सामाजिक पहचान के आधार पर किसी छात्र को संभावित अपराधी मान लेना शिक्षा व्यवस्था की निष्पक्षता पर गंभीर आघात है।

### शिक्षा का वातावरण या दमन का मंच ?

शैक्षणिक संस्थान संवाद, विचार और सह-अस्तित्व के केंद्र होते हैं, न कि डर और संदेह के। नई गाइडलाइन के बाद सवर्ण छात्रों में यह डर गहराता जा रहा है कि कहीं कोई असत्य या अतिरंजित आरोप उनके पूरे भविष्य को नष्ट न कर दे। यह स्थिति शिक्षा के मूल उद्देश्य- ज्ञान, समरसता और राष्ट्र निर्माण को कमजोर करती है।

### विरोध इसलिए ज़रूरी है

सवर्ण वर्ग का विरोध किसी भी वंचित या आरक्षित वर्ग के अधिकारों के खिलाफ नहीं है। यह विरोध एकतरफा और असंतुलित नीति के खिलाफ है, जहां दंड की तलवार केवल एक वर्ग के सिर पर लटकती दिखाई देती है। यदि भेदभाव होता है, तो उस पर कठोर कार्रवाई होनी ही चाहिए, लेकिन निष्पक्ष जांच और समान न्याय के साथ।

### या है यूजीसी समता विनियम 2026

विश्व विद्यालय अनुदान आयोग ने गत 13 जनवरी को उच्च शिक्षण संस्थानों में समता के संवर्धन हेतु 'यूजीसी समता विनियम 2026' को अधिसूचित किया। इस नियम का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों में धर्म, नस्ल, जाति, लिंग, जन्म स्थान या दिव्यांगता के आधार पर होने वाले भेदभाव को खत्म करना है। यह नियम अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, विकलांग व्यक्तियों को किसी भी तरह के भेदभाव से सुरक्षा देता है। रोहित वेमुला और पायल तड़वी की कथित जातिगत भेदभाव के कारण हुए हत्या के बाद सुप्रीम कोर्ट ने यूजीसी को ऐसे मामलों से निपटने के लिए नियम बनाने के आदेश दिये थे। किन्तु सवर्ण जाति के लोग खुद इसे भेदभाव वाली नीति का हिस्सा बताकर विरोध कर रहे हैं। केंद्र सरकार इस मामले में बुरी तरह घिरती हुई नज़र आ रही है। सवर्ण जातियों को लेकर साफ है कि ये भाजपा का ठोस वोट बैंक है, इनकी नाराजगी भाजपा को भारी पड़ सकती है।

### निष्कर्ष

**यूजीसी की नई गाइडलाइन में तत्काल पुनर्विचार की आवश्यकता है। शिक्षा व्यवस्था को सामाजिक न्याय का माध्यम बनाते हुए भी न्यायपूर्ण बनाए रखना अनिवार्य है। किसी भी वर्ग-चाहे वह सवर्ण हो या वंचित-को बिना निष्पक्ष प्रक्रिया के दोषी ठहराना लोकतांत्रिक और संवैधानिक मूल्यों के विपरीत है। सवर्ण छात्रों की आशंकाएं वास्तविक हैं और उन्हें अनदेखा करना भविष्य के लिए घातक सिद्ध हो सकता है।**




## बीएलओ की ओर से डीएम को बधाई दी!

**बिजनौर (चिंगारी)। शिक्षक एवं शायर अमीर नहटौरी ने नेशनल वोटर्स डे के मौके पर राष्ट्रपति द्वारा जिलाधिकारी जसजीत कौर को सम्मानित किये जाने पर उनको गुलदस्ता पेश करते हुए जनपद के समस्त बीएलओ की ओर से बधाई दी और हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारे जनपद के लिए गर्व की बात है कि एसआईआर प्रक्रिया के सफल संचालन और मतदाता जागरूकता को लेकर किया गया प्रयास मेहनत और लगन के चलते यह सम्मान प्राप्त हुआ।**

## सन शाइन पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** सन शाइन पब्लिक स्कूल में देश का 77 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक विनोद मित्तल, प्रमोद मित्तल व प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल ने मां शारदे की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया। विद्यालय के एमडी विनोद मित्तल द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा विद्यालय राष्ट्रगान व अन्य देशभक्ति गीतों से गुंजायमान हो उठा। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी देशभक्ति से भरपूर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रबंधक विनोद मित्तल ने विचार रखे।

# डीएम ने किया ईवीएम स्ट्रांग रूम व वीवीपेट वेयर हाउस का निरीक्षण



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित एवं झंडापुर स्थित वीवीपेट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम स्ट्रांग रूम के बाहर लगे तालों की सील्ड्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं। तदोपरांत जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने झंडापुर स्थित वीवीपेट वेयर हाउस का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम के रख रखाव व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई और सुरक्षा के इंतजाम देखकर संतोष व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि कांग्रेस से अनिल कुमार एवं क़ाज़ी आतिफ़, बसपा से मुहम्मद सिद्दीक तथा सपा से अख़लाक़ पप्पू सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री का स्वागत किया



भाजपाइयों ने कपिल देव अग्रवाल का स्वागत किया।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जनपद के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल का नूरपुर पहुंचने पर शिव मन्दिर चौक पर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल के नेतृत्व में फूलमालाओं से स्वागत किया। सोमवार को प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल चांगीपुर स्थित बिंदल शुगर मिल का निरीक्षण करने आए थे। मिल निरीक्षण के बाद परिसर में उन्होंने पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर जी.एम. जितेंद्र मलिक, शशि गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र चौहान बॉबी, विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सी.पी.सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष निशांत कर्णवाल, गोहावर मंडल अध्यक्ष विनय चौहान, महामन्त्री वीर प्रकाश भुईयार, प्रणयमनु गुप्ता, सुधीर चौहान, उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार, मंडल मन्त्री राजेश चौहान, राहुल यादव, सतीश कुमार, सुरेंद्र पाल, मंडल मीडिया प्रभारी बिजेंद्र सिंह, धर्मेंद्र जोशी, चौधरी ईशमपाल सिंह, अंकित जोशी आदि उपस्थित रहे।

# ईंट भट्टों पर जाकर मजदूरों को गर्म कपड़े बांटे, चाय पिलाई



गर्म कपड़े बांटते हम वेलफेयर सोसायटी के पदाधिकारी।

**शेरकोट ( चिंगारी )।** सामाजिक संस्था 'हम' वेलफेयर सोसायटी द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर गरीब और जरूरतमंदों को गर्म कपड़े बांटकर ठंड में राहत पहुंचाने के लिए चाय पिलाई गई। संस्था के पदाधिकारी क्षेत्र में ईंट-भट्टों पर पहुंचे और वहां काम करने वाले गरीब मजदूरों को गर्म कपड़े बांटे और सर्दी से राहत पहुंचाने के लिए गर्म चाय पिलाई गई। संस्था के अध्यक्ष मौ. शादाब और महासचिव मास्टर नदीम इदरीसी ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा हर साल सर्दी के मौसम में क्षेत्र में घूमकर गरीब और जरूरतमंदों को गर्म कपड़े, जूते बांटने और राहगीरों को चाय पिलाने का काम किया जाता है। गत वर्षों की भांति इस साल भी पिछले एक माह से गर्म कपड़े बांटने और चाय पिलाने का कार्य किया जा रहा था, जिसका 26 जनवरी को समापन कर दिया गया है। इस अवसर पर डॉ. सोहराब, अबुल मुत्तलिब, मौ. आरिफ, मौ. नबील, नदीम इदरीसी, इज़हार नबी, मौ. आसिम, मौ. रागिब, मौ. सलमान, मनोज शर्मा, सुजाउद्दीन आदि उपस्थित रहे।

# चेयरपर्सन और ई.ओ. ने किया पालिका कार्यालय में ध्वजारोहण



**नहटौर ( चिंगारी )।** 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद कार्यालय पर पालिका चेयरपर्सन अनस इकरार और अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। समारोह को संबोधित करते हुए अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने गणतंत्र के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने नगर के विकास का रोडमैप साझा करते हुए कहा कि नहटौर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। नगर के सर्वांगीण विकास के लिए पालिका पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इस अवसर पर नगर पालिका के सभासदगण, कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन ने धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



**बुढ़नपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन द्वारा रविवार को अपने कैंप कार्यालय पर 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा के नेतृत्व में झंडा फहराया गया। पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अध्यक्ष एमआर ने कहा कि एसोसिएशन के पदाधिकारियों को 77 वें गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि किसी भी पदाधिकारी का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अगर कोई उनका शोषण करता है तो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मौके पर वाइस प्रेसिडेंट मोहम्मद वसीम, मौ. शाहे आलम, मौ. आजम अंसारी, मास्टर अफजाल, नसीम अहमद, इंतजाम, सितारे आलम, मास्टर शहजाद गोविंदपुर वाले, नकूल, सुशील, मौलाना इनामुल हक, रोहित कुमार, इकराम ठेकेदार आदि कार्यकर्ता पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# गणतंत्र दिवस पर ब्लैक बेल्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** नगर स्थित सेल्यूट ताइक्वांडो एकेडमी में गणतंत्र दिवस पर एकेडमी के ब्लैक बेल्ट व राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर मेडल प्राप्त खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में एकेडमी के संचालक कमांडो ट्रेनर मौ. आरिफ की सराहना की। इस दौरान अतिथियों एवं पत्रकारों को एकेडमी की ओर से शॉल ओढ़ाकर व पूनम मंझारिया की तरफ से पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रितिक सिंह, राकेश भटनागर, कुनाल कुमार, शेख मौ.जैद, कामिल खान, शमशाद अहमद, डा. मलिक, सलीम अहमद, कमल कुमार सहित पत्रकारों एसएम असलम, शेख मौ. यूसुफ, इशरत अली, अमानत हुसैन, कफील अहमद, कमरुद्दीन आदि की उपस्थिति रही।

# केन्द्र सरकार ने किया यूजीसी के नियमों में परिवर्तन विरोध में सवर्ण समाज ने सड़कों पर किया प्रदर्शन

## सीओ के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ( यूजीसी ) के नियमों में किए गए परिवर्तनों के विरोध में धामपुर की सड़कों पर उतरा स्वर्ण समाज।

**धामपुर ( चिंगारी )।** केंद्र सरकार द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नियमों में किये गये परिवर्तनों के विरोध में मंगलवार को रिमझिम बारिश के बीच महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा, करणी सेना ,ब्राह्मण समाज और वैश्य समाज के बैनर तले महिलाओं और पुरुषों ने सड़क पर उतरकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने उप जिला अधिकारी कार्यालय परिसर पहुंचकर जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि केंद्र सरकार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों में किये गये परिवर्तनों को तुरंत वापस ले वरना देश का भविष्य अपने अधिकारों की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को हिंदू समाज को संगठित करने के लिए कार्य करना चाहिए परंतु वह ऐसे नियम बनाकर समाज को बांटने का कार्य कर रही है। प्रदर्शन करने वालों में हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान मंडल प्रभारी डॉक्टर एनपी सिंह, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ के नगर अध्यक्ष डीएस चौहान, महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह सिसौदिया, नगर अध्यक्ष यशवीर सिंह गौतम, हरिराज सिंह, रविंद्र कुमार पप्पू, डॉ. महेंद्र सिंह, अमोद कुमार, श्रीमती पूनम चौहान, अजय कुमार, ललित गर्ग, नितिन अग्रवाल, सभासद संतोष राजपूत, डॉ. मनोज कुमार, मनोज चौहान, विशंभर सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष शामिल रहे।

# ग्राम न्यायाधीश को बार ने भावभीनी विदाई दी




**धामपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर द्वारा ग्राम न्यायाधीश प्रद्युम्न कुमार मिश्र को उनके पदोन्नति होकर अन्य जनपद में जाने को लेकर विदाई समारोह आयोजित किया गया। ग्राम न्यायाधीश प्रद्युम्न कुमार मिश्र का सभी अधिवक्ताओं ने फूल मालायें पहनाकर सम्मान किया। आमिर अंसारी एडवोकेट ने कहा कि प्रॉपर ड्रेस में ही अधिवक्ता साथियों को कोर्ट में आना चाहिए। ग्राम न्यायाधीश प्रद्युम्न कुमार मिश्र का प्रमोशन श्रावस्ती के लिए होने पर उन्हें विदाई दी गई। प्रद्युम्न कुमार मिश्र ने कहा कि जितना प्यार क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष आर.के. आर्य एडवोकेट और उनकी कार्यकारिणी/सदस्यों द्वारा मिला वह वाकई काबिले तारीफ है। बैंच ओर बार दोनों के ही तालमेल से न्यायालय में सही रूप में न्यायिक प्रक्रिया संभव हुई ।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय बार एसोसिएशन धामपुर के अध्यक्ष आर.के. आर्य एडवोकेट, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार शर्मा एडवोकेट, कुणाल गांधी एडवोकेट, संकेत अग्रवाल एडवोकेट, काजिम एडवोकेट, सुमित सिसोदिया एडवोकेट, अनिल कुमार एडवोकेट, लक्की एडवोकेट, आशीष कुमार एडवोकेट, आकाश कुमार एडवोकेट,पवन सलूजा एडवोकेट, प्रशांत कुमार, इमरान अहमद एडवोकेट, पुलकित जैन एडवोकेट, हेमराज एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

# धामपुर के पत्रकार संगठनों ने खुर्शीद अंसारी को श्रद्धांजलि अर्पित की



खुर्शीद अंसारी मरहूम

**धामपुर ( चिंगारी )।** पत्रकारों की प्रमुख संस्था पत्रकार एकता मंच और धामपुर पत्रकार संघ की शोक सभा में नगर के वरिष्ठ पत्रकार एवं प्रेस क्लब पंजीकृत के अध्यक्ष खुर्शीद अहमद अंसारी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें सामूहिक श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने खुर्शीद अहमद अंसारी द्वारा पत्रकारिता के माध्यम से गरीबों, असहाय लोगों के हितों की रक्षार्थ लेखनी का प्रयोग करते हुए उनकी समस्याओं को प्रशासन तक पहुंचाने तथा उनका निराकरण कराने हेतु हमेशा संघर्षरत रहने पर विस्तार से चर्चा करते हुए नवोदित पत्रकारों से उनके कार्यों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

दुर्गा मार्केट स्थित धामपुर पत्रकार संघ के कार्यालय पर संगठन के अध्यक्ष सचिन कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता तथा महामंत्री भूपेंद्र कुमार शर्मा सोनू के संचालन में आयोजित शोक सभा में संस्था के वरिष्ठ संरक्षक दिनेश चंद्र अग्रवाल नवीन, सत्यराज, सरदार महेंद्र सिंह सलूजा आराधक तथा अनिल शर्मा अनिल, अभिषेक गुप्ता, अंकित अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, नवचेतन शर्मा एवं वीरेंद्र राणा, धीरेंद्र शेखावत एवं वसीम शेख, सुमित शर्मा, केशव चौहान, राजकुमार सिंह, महेश शर्मा, शरद राजवंशी, दिव्य आलोक शर्मा, सलाहकार आरके आर्य एडवोकेट, धीरज शर्मा, अर्पित ठाकुर, विमल चौहान, फैजान अंसारी, सत्री चंद्रा, नीरज प्रजापति, साकिब शेख, विकास पुष्पक, अजय कश्यप, अक्षय राजवंशी आदि उपस्थित रहे। अंत में 2 मिनट का मौन धारण करके दिवंगत खुर्शीद अहमद अंसारी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इसके अलावा पत्रकार एकता मंच के अध्यक्ष मनोज कात्यायन, महामंत्री शाकिर अंसारी, संयोजक राहुल श्याम, सुशील मुरादाबादी, राकेश कश्यप, अमित शर्मा, राजीव कुमार, सुरेंद्र सिंह, इमरान खान, दिग्विजय सिंह, जितेंद्र शर्मा, विपिन सैनी, लोकेश शर्मा, चमन भारद्वाज, कपिल शर्मा आदि ने भी उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए 2 मिनट का मौन दिवंगत आत्मा की शांति के लिए धारण किया।

# युवा समिति ने निकाली तिरंगा यात्रा



**धामपुर ( चिंगारी )।** युवा तिरंगा यात्रा समिति धामपुर द्वारा 77वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में नगर में भव्य विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गयी, जिसका शुभारंभ समाजसेवी योगेश रस्तौगी बाबू भाई, भाजपा नेता अवनीश चौहान ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान तिरंगा यात्रा समिति के संयोजक संयम जैन, विशाल सैनी, हन्नू प्रधान, आकाश सैनी ने अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इसके बाद तिरंगा यात्रा केएम इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर नगीना चौक, सुभाष चौक, बड़ी मंडी, भगत सिंह चौक, मुख्य डाकघर रोड, नगीना चौक से होती हुई के एम इंटर कॉलेज मैदान पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में शामिल युवा भारत माता के नारे लगाते चल रहे थे। यात्रा का नगर के दर्जनों स्थानों पर स्वागत किया गया। यात्रा को सफल बनाने में हर्ष चिकारा, प्रदीप जाटव, गब्बर, डीके, गोलू फिटनेस, माइकल, नीरज सैनी, विजय जैन, चंदन चौधरी, कृष्ण रस्तौगी, मोहित सैनी, रचित, अनिकेत, अजय राजपूत, अंकित सैनी, तपिश शर्मा आदि का सहयोग रहा।

# धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस



महाराजा सुरसेन सैनी चौक पर ध्वजारोहण।

**धामपुर ( चिंगारी )।** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिषद में रवि कुमार सिंह एवं अधिशासी अधिकारी रविशंकर शुक्ला द्वारा तिरंगा झंडा फहराया गया। तदुपरांत संविधान की शपथ ग्रहण कराई गई एवं वृक्षारोपण भी किया गया। इसके पश्चात फुले तिरंगा चौक पर 101 फीट ऊंचे तिरंगे को फहराया गया। **राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन** द्वारा आज 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर महाराजा सुरसेन सैनी चौक पर किया गया ध्वजारोहण किया गया। नगर में भारत मां की जयकारों से सैनी चौक गूंज उठा। इस अवसर पर सैनी चौक पर डॉ. राज सैनी, राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन के संस्थापक शिवम सैनी, महासचिव सचिन कुमार, कोषाध्यक्ष धर्मपाल सैनी, सहकोष अध्यक्ष प्रशांत सैनी, निखिल सैनी, सचिन सैनी, अभय सैनी, नंदू सैनी आदि उपस्थित रहे। **नगर कांग्रेस कमेटी** के मोहल्ला अफगानान स्थित कार्यालय पर कार्यकताओं ने तिरंगा झंडा फहरा कर भारतीय गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर डॉ. नदीम नज़ाकत खां, मोहित प्रजापति, वसीम अब्बासी जिला महासचिव, वसीम राजा, इश्तियाक अहमद, नसीम मंसूर, वामिक अंसारी, नसीम खान, शाहनवाज, आसिफ खान, परवेज अंसारी, सचिन शर्मा, नईम खान, शुएब मैक्स, आफताब शम्सी, नदीम शम्सी आदि मौजूद रहे। **एजुकोल द गर्ल्स स्कूल** के प्रागण में 77 वें गणतंत्र दिवस पर डॉ. महेश भट्ट, ए.आर. चमोली, प्रबंधक लोकेन्द्र सिंह, विद्यालय प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के उपरांत छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट, डंबल पीटी, भारत माता के नारे लगाते हुए देश के वीर जवानों को याद किया। मुख्य अतिथि डॉ. महेश भट्ट ने गणतंत्र का भाव समझाते हुए देश को मजबूत, सुदृढ़ और उन्नत बनाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल ने कहा कि हमें एक शिक्षित, दूरदर्शी, ईमानदार एवं निर्भीक नागरिक बनकर राष्ट्र के विकास में योगदान करना है। कार्यक्रम का संचालन पारुल चौहान के निर्देशन में कृतिका राज व अदीबा सलीम ने किया।



एजुकोल गर्ल्स स्कूल में ध्वजारोहरण करते हुए डॉ. लोकेन्द्र सिंह।

# सर्वउत्थान सेवा फाउंडेशन ने मेधावियों को किया सम्मानित




**बिजनौर (चिंगारी)।** सर्वउत्थान सेवा फाउंडेशन, बिजनौर द्वारा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर मेधावी छात्र प्रोत्साहन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जनपद के मेधावी छात्र-छात्राओं को खेल कूद एवं शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रोत्साहित किया गया। कुशाग्र कुमार एवं हितेन सिंह को शूटिंग, जयंत चौधरी एवं यश कुमार कब्बडी, एकांश सिंह, शताक्षी, अनुष्का चौधरी, हया, समीरा को स्कूल टॉप, तनु, पल्लवी, मयूर, तशु, दीक्षिता त्यागी, विधान अग्रवाल ओलंप्याड में गोल्ड मेडल के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. नवनेश कोठारी ने मेधावी छात्रों के प्रोत्साहन के साथ अभिवावकों के अथक प्रयासों को सराहा। संस्था के महासचिव पं. विनायक गौड़ ने फाउंडेशन के मूलभूत उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा करते हुए फाउंडेशन के विस्तार हेतु प्रारूप एवं अग्रिम प्रस्तावित कार्यक्रमों से अवगत करवाया। सचिव रविराज खन्ना ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी का धन्यवाद किया। कोषाध्यक्ष ओमेंद्र त्यागी ने संस्था को सुदृढ़ करने के लिए कार्यरत जारी किया। उपाध्यक्ष अंकित त्यागी ने कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए फाउंडेशन के संकल्पों को दोहराया। कार्यक्रम में गजेंद्र सिंह, मोहित कुमार, अभिनव राजपूत, शैंकी चौधरी एडवोकेट, प्रिया, राशि, एकता, दीपिका, कल्पना, सोनम आदि गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# 2.69 करोड़ में छूटा नुमाइश का ठेका

**बिजनौर (चिंगारी)।** जनपद की ऐतिहासिक एवं पौराणिक जिला कृषि औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी 2025-26 के आयोजन का रास्ता साफ हो गया है। मंगलवार को नगर पालिका परिषद के डा. भीमराव अंबेडकर सभागार में आयोजित नीलामी प्रक्रिया के दौरान प्रदर्शनी का ठेका सर्वाधिक बोलीदाता अमित कुमार के नाम रहा। उन्होंने 2 करोड़ 69 लाख 11 हजार रुपये की बोली लगाकर यह ठेका अपने नाम किया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह की अध्यक्षता एवं अधिशासी अधिकारी विकास कुमार के संचालन में नीलामी प्रक्रिया संपन्न हुई। प्रशासनिक प्रतिनिधि के रूप में तहसीलदार सदर आशीष सक्सेना मौजूद रहे। ठेके की दौड़ में कुल 5 ठेकेदारों ने भाग लिया, लेकिन मुख्य मुकाबला अमित कुमार और वसीम अहमद के बीच देखने को मिला।




भारी गहमागहमी के बीच अंततः अमित कुमार की बोली पर मुहर लगाई गई। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह ने कहा कि बिजनौर की यह प्रदर्शनी हर दृष्टि से ऐतिहासिक है और हमारी गंगा-जमुनी तहजीब का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस वर्ष प्रदर्शनी को और भी भव्य व गरिमापूर्ण तरीके से आयोजित किया जाएगा। नीलामी कार्यक्रम के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता डा. बीरबल सिंह, सभासद जुल्फिकार बेग बेबी, मनोज चौधरी, सुजीत चौधरी, नीरज शर्मा सहित कर अधीक्षक नरेंद्र यादव, सफाई निरीक्षक गोविंद चौधरी, जलकल अभियंता गौरव शर्मा, अवर अभियंता यशवंत सिंह, नेहा शर्मा, दिलीप कुमार, हिमांशु, गुफरान व संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# सैनी सभा की बैठक में ग्राम पंचायत व विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की

**बिजनौर (चिंगारी)।** सैनी सभा बिजनौर की एक बैठक सैनी धर्मशाला गंज में आहूत की गई। बैठक में संगठन विस्तार और त्रिस्तरीय पंचायत एवं विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा हुई। बैठक को संबोधित करते हुए सपा विधायक रामअवतार सैनी ने आगामी चुनाव में राजनीतिक भागीदारी को लेकर संगठित होने का आह्वान किया। उन्होंने समाज के लोगों से कहा कि वे राजनीतिक दलों में भागीदारी करें और सक्रिय रूप से कार्य करते हुए जिस पार्टी में भी वह कार्य करें, उसमें अपनी पहचान बनाकर रहें। लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल सैनी ने कहा कि पंचायत चुनाव में भागीदारी करने के लिए वह अभी से जनसंपर्क अभियान शुरू करें तथा अधिक से अधिक समाज के व्यक्ति संगठित होकर चुनाव लड़ें और विजय प्राप्त करें। बैठक की अध्यक्षता सैनी सभा के अध्यक्ष कल्याण सिंह सैनी निजामतपुरा ने की तथा संचालन एडवोकेट रामगोपाल सैनी ने किया। बैठक को डॉक्टर कुंतेश सैनी, सरिता सैनी सदस्य जिला पंचायत, प्रमोद सूर्या सैनी, सूरजमल सैनी, अनिल सैनी, पुखराज सिंह, जगराम सिंह सैनी, चन्दन सैनी, सोधी राम सैनी, अतुल कुमार सैनी, शिवराज सैनी, प्रधान कल्याण सिंह सैनी ने संबोधित किया।

# गणतंत्र दिवस पर शेरकोट में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा



**शेरकोट (चिंगारी)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सोमवार को धूमधाम से नगर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस दौरान लगे हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारों से वातावरण गूंज उठा। हाथों में तिरंगा लेकर घोड़ी पर सवार होकर आगे चल रहे बच्चे आकर्षण का केंद्र बने रहे। कोहरे और ठंड के बीच जामा मस्जिद चौक से राष्ट्रीयगान के उपरांत ढोल नगाड़ों के साथ शुरू हुई तिरंगा यात्रा स्टेट बैंक चौक, मुख्य बाजार, अली मस्जिद चौक से होकर बैंक ऑफ बड़ौदा चौक पर पहुंची और टेम्पो स्टैंड चौक पर पहुंचकर सम्पन्न हो गई। यात्रा के आगे हाथों में तिरंगा झंडा लिए दो बच्चे घोड़ा पर सवार होकर चल रहे थे, जबकि यात्रा में शामिल सैकड़ों युवा पूरे उत्साह के साथ हिंदुस्तान जिंदाबाद आदि देशभक्ति के नारे लगाते चल रहे थे। इस दौरान नगर का वातावरण देशभक्ति के रंग में सराबोर हो गया और युवाओं में देशभक्ति का जनून सिर चढ़कर बोलता दिखाई दिया। टेम्पो स्टैंड पर पहुंचकर यात्रा आयोजन कमेटी की ओर से व्यापारी नेता अंसार अहमद, शेख मोनिस, सुहैल इदरीसी, गुफरान राजा, मौ. आसिफ, मौ. फाहद, अदनान राईन, डॉ. शाहनवाज़ आदि द्वारा थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया।

यादगार तिरंगा यात्रा में अंकुर जैन, डॉ. फैजान, सलीम मेडिकल वाले, मनोज शर्मा, पेंटर नरेश प्रजापति, सभासद इरशाद अहमद, राधे सैनी, अमित रुहेला, हम वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मौ. शादाब, महासचिव मास्टर नदीम इदरीसी, क़ाज़ी शमीम, शेख



शुऐब, इमरान नवाज़, पत्रकार अमिष रस्तोगी, नवनीत राजपूत, सुमित वर्मा, अरमान सैफी, खालिद खान, मास्टर अक़ील, सेफ मंसूरी, एम.डी. शारिक, मौ. अनस, शानू ज़ैदी, मौ. शाहनवाज, दिलशाद बाबा, बब्लू ट्रांसपोर्ट वाले, कमर आलम, जीशान सीमेंट वाले, मेहराज सिद्दीकी, मौ. मुजाहिद, दानिश अलवी, हन्नान डिज़ाइनर, दिलशाद अहमद आदि बड़ी संख्या में युवाओं, व्यापारियों, सामाजिक व राजनीतिक लोग शामिल रहे।

# गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम हुआ ताहिर फराज के लिये की गई दुआ



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जहान-ए-ग़ज़ल किरतपुर तत्वावधान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर खदीजतुल कुबरा हॉल, किरतपुर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें साहित्य प्रेमियों और कवियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस अवसर पर प्रतिष्ठित शायर मरहूम ताहिर फ़राज़ को श्रद्धा और सम्मान के साथ खिराज-ए-अकीदत पेश किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मरग़ूब रहमानी ने अपने संबोधन में कहा कि ताहिर फ़राज़ केवल बड़े शायर ही नहीं थे, बल्कि शालीनता, तहज़ीब और वैचारिक संतुलन की जीवंत मिसाल थे। जहान-ए-ग़ज़ल के सचिव व प्रसिद्ध शायर ताहिर सऊद ने मरहूम ताहिर फ़राज़ के पुत्र तारीफ़ नियाज़ी के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ताहिर फराज की मौत पर दुख जताया। उन्होंने मरहूम ताहिर फ़राज़ के साथ अपने साहित्यिक संबंधों का उल्लेख भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शानवर किरतपुरी ने की, उन्होंने अपने अध्यक्षीय भाषण में मरहूम ताहिर फ़राज़ की फिक्र और अख़लाक़ी मूल्यों पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ शायर हैदर किरतपुरी ने संरक्षक के रूप में कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। नात-ए-रसूल ताहिर सऊद ने पेश की। कार्यक्रम का संचालन रिहान कातिब ने किया। कार्यक्रम में गौहर किरतपुरी, मैराज बिजनौरी, डॉ. शाहिद जौनी, ज्ञानेश्वर आनंद, मुरसलीन मुरसल और फ़रीद अदना ने भी कलाम पेश किया। अंत में मरहूम की मग़फ़िरत के लिये दुआ की गई।

# आसपा की सदस्यता ग्रहण कराई



**चांदपुर ( चिंगारी )।** आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी एवं विधानसभा क्षेत्र प्रभारी मौ. ताहिर ने पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान चला कर बड़ी संख्या में लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस अवसर पर मौ. ताहिर ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चन्द्र शेखर आजाद ने हमेशा पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए आवाज उठाई है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राजवीर सिंह, चांदपुर नगर अध्यक्ष डा. जावेद आदि भी मौजूद रहे। वहीं गणतंत्र दिवस पर आसपा कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। तिरंगा यात्रा में जिला प्रभारी मौ. ताहिर, केशव यादव उर्फ मोंटी, राजवीर सिंह, नरेंद्र कुमार विधानसभा अध्यक्ष कृष्णा कुमार, छोटे, मोहसिन, मौ. जावेद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डा. शाहिद जौनी भी जिलाध्यक्ष की दौड़ में

**बिजनौर( चिंगारी )।** जिलाध्यक्ष पद हासिल करने के लिए ज़िले के सपाइयों में होड़ लगी है। सब अपने अपने राजनीतिक आक़ाओं के सहारे जिलाध्यक्ष बनना चाहते हैं। किरतपुर क्षेत्र के ग्राम दूधली निवासी डा.शहीद जौनी भी जिलाध्यक्ष की दौड़ में शामिल हैं।



उनका कहना है कि वे सपा के सच्चे सिपाही हैं। पार्टी की ज़िला कार्यकारिणी में वे कई महत्वपूर्ण पदो पर रहे हैं। उन्हे उम्मीद है कि सपा हाई कमान उन्हें जिलाध्यक्ष पद सौंप कर उन्हे पार्टी के प्रति की गई वफ़ादारी का इनाम ज़रूर देगी।

# डाक्टर एन. पी. सिंह ने की उपमुख्यमंत्री से भेंट

**धामपुर ( चिंगारी )।** रेड क्रॉस सोसाइटी जनपद बिजनौर के डायरेक्टर डा. एनपी सिंह ने आज प्रात: प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं रेड क्रॉस सोसाइटी उत्तर प्रदेश के चेयरमैन ब्रजेश पाठक से लखनऊ स्थित उनके कार्यालय में भेंट की। इस मौके पर डॉक्टर एनपी सिंह ने रेडक्रास सोसाइटी जनपद बिजनौर के कार्यालय के शिलान्यास हेतु निमंत्रण पत्र भेंट किया। उन्होंने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नियमों में परिवर्तन किये जाने से समाज में भारी रोष व्याप्त है। इसलिए जनहित में इन बदले गये नियमों को वापस लिया जाये। उनके साथ में डायरेक्टर रेडक्रॉस सोसाइटी जनपद बिजनौर सुबोध कुमार शर्मा भी मौजूद रहे।



डॉक्टर एन. पी. सिंह प्रदेश के उपमुख्यमंत्री को गुलदस्ता देते हुए।

## भाकियू की टीम प्रयागराज के लिए रवाना हुई

**धामपुर ( चिंगारी )। चिंतन शिविर प्रयागराज में शामिल होने भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के कार्यकर्ता धामपुर ब्लॉक की एवं अफजलगढ़ ब्लॉक की टीम धामपुर स्टेशन से देहरादून से सूबेदारगंज जाने वाली ट्रेन से कल शाम रवाना हुई। ब्लॉक अध्यक्ष अजय चौहान, राजकुमार, दुष्यंत राणा, सुशील कुमार, सुरेश कुमार, रणवीर सिंह, जयप्रकाश सिंह, शमशेर सिंह, देवेंद्र सिंह, कमलेश देवी, शोभा देवी, ममता रानी, सुधा देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं की टीम प्रयागराज रवाना हुई।**

# रासेयो शिविर का समापन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** लोकप्रिय इंटर कालेज केलनपुर में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के 7 दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिन को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया गया। प्रधानाचार्य हरवीर सिंह तोमर, मुख्य अतिथि डा. रामप्रकाश शर्मा, चौ. हरपाल सिंह, जयवीर सिंह व गजेन्द्र सिंह ने संयुक्त से ध्वजारोहण किया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्य हरवीर सिंह तोमर ने गणतंत्र दिवस के बारे




में विस्तार से जानकारी दी तथा छात्र-छात्राओं को मतदान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में समरपाल सिंह, पुष्पेन्द्र कुमार, शुभम कुमार, दयाराम सिंह, डा. रतनलाल सिंह, इंतजार अहमद, तौफीक अहमद, कुलवेन्द्र सिंह, कावेन्द्र सिंह, सुमित कुमार, रोहित कुमार, सुधांशु शर्मा, कुलदीप कुमार आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रशांत तोमर ने किया।

# डा. गौतम सिंह ने गणतंत्र दिवस पर आयोजित किया स्वास्थ्य शिविर

**नूरपुर ( चिंगारी )।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सोमवार को नीलकंठ रिजेरट चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. गौतम सिंह लम्बरदार ने मुरादाबाद रोड स्थित वेलकम सिटी में एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्रहाकुमारी ईश्वरीय आश्रम नूरपुर ईकाई की संचालिका रीता दीदी ने किया। शिविर में डॉ. गौतम सिंह लम्बरदार ने लगभग 150 रोगियों की निशुल्क शुगर, ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन लेवल, फेफड़ों के लिए पीएफटी व लिवर के लिए एलएफटी आदि की जांच कर नि:शुल्क परामर्श व दवाईया वितरित की। शिविर में योगाचार्य राजीव गुरु जी द्वारा रोगियों को बीमारियों को योग द्वारा नियंत्रित करने तथा शुद्ध जीवन -शैली अपनाकर रोगों से कैसे बचाया जाये आदि परामर्श दिये गए। इस अवसर पर ट्रस्ट के एमडी डॉ. गौतम सिंह लम्बरदार ने कहा कि हमारा उद्देश्य प्रत्येक वर्ग और व्यक्ति तक सुलभ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में चौधरी अजय सिंह व लम्बरदार परिवार का विशेष योगदान रहा।



चिकित्सा शिविर में रोगियों का निरीक्षण करते डॉ. गौतम लम्बरदार।

सभी नगर वासियों व देशवासियों को

**शेरकोट मुस्लिम फण्ड शेरकोट व गर्ल्स इंटर कॉलेज**

की ओर से राष्ट्रीय पर्व **गणतंत्र दिवस** की दिली मुबारकबाद व हार्दिक शुभकामनाएं।

| | |
|---|---|
| मोहम्मद हाशिम | (अध्यक्ष) |
| शेख नजरुल इस्लाम | ( उपाध्यक्ष) |
| मौलाना उबैदुर्रहमान कासमी | (महासचिव) |
| कारी रईस अहमद | (सचिव) |
| मोहम्मद इस्माईल | (कोषाध्यक्ष) |
| हाफिज मौ इसहाक | (सरपरस्त) |
| मोहम्मद आसिफ | (सदस्य) |
| मौ.अजीम | (सदस्य ) |
| मौलाना अताउर्रहमान | (सदस्य ) |
| मौ इरशाद | (सदस्य ) |
| डॉ. अलाउद्दीन | (सदस्य ) |
| मौ असलम | (सदस्य ) |
| मौ. रफीक़ | (प्रबंधक) |

**एवं समस्त स्टाफ शेरकोट मुस्लिम फण्ड शेरकोट व गर्ल्स इंटर कॉलेज शेरकोट**

राष्ट्रीय पर्व **गणतंत्र दिवस**

के अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों, ग्रामवासियों और शुभचिंतकों को हार्दिक

**शुभकामनाएं/ मुबारकबाद**





**निज़ामुद्दीन अंसारी**

ग्राम प्रधान

मौहम्मदपुर जमाल उर्फ घोसियावाला, शेरकोट बिजनौर।

सभी क्षेत्रवासियों,विद्यार्थियों,शिक्षकों और शुभचिंतकों को

**गणतंत्र दिवस**

की **हार्दिक शुभकामनाएं**

| प्रबंधक | प्रधानाचार्य |
|---|---|
| **पुष्पेन्द्र कुमार** | **राजेश कुमार** |

**दक्ष आदर्श वैदिक इंटर कॉलेज शेरकोट**

शेरकोट पुलिस की ओर से सभी को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं/बधाई।

अपील - शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। यातायात नियमों का पालन कर जीवन सुरक्षित बनाए।



**वीरेन्द्र कुमार**

थानाध्यक्ष

शेरकोट, बिजनौर

**राधे मोबाइल शॉप**

की ओर से सभी क्षेत्रवासियों व नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।



निवेदक

**राधे सैनी**

सभासद ( राधेश्याम )

वार्ड नंबर - 24, मौहल्ला अचारजान शेरकोट।

**बाबूजी मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल शेरकोट**

की ओर से सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों , शिक्षकों ,अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

| संस्थापक | चेयरमैन | प्रबंधक |
|---|---|---|
| **कफील अहमद** | **शकील अहमद** | **सबील अहमद** |

| एम.डी. | प्रधानाचार्या |
|---|---|
| **वकील अहमद** | **रजनी चौहान** |

हरेवली रोड, शेरकोट।

**गणतंत्र दिवस**

के अवसर पर सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों , अभिभावकों एवं शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं

| प्रधानाचार्य | प्रबंधक |
|---|---|
| **शमशाद हुसैन** | **फुरकान महमूद अंसारी** |

**आर.यू.एम. हायर सेकेंडरी स्कूल**

निकट चुंगी नंबर 5 कालागढ़ रोड, शेरकोट

**ऑल सेंट स्कूल शेरकोट**

की ओर से सभी छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों को

**गणतंत्र दिवस**

की **हार्दिक शुभकामनाएं**

| एम.डी. | मैनेजर | प्रधानाचार्य |
|---|---|---|
| **हाजी कमाल** | **शादाब ख़ान** | **पी.एस.चौहान** |

कालागढ़ रोड शेरकोट

# मदरसे में मनाया गया गणतंत्र दिवस

## संविधान की रक्षा के लिये सजग रहना होगा- नीरज चौधरी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सुनहरी जामा मस्जिद मदरसा फैजुल कुरान मोहल्ला बुखारा में 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीरज चौधरी एवं राजकीय हाई स्कूल पिरथीपुर के प्रिंसिपल मास्टर मारूफ रहे। नीरज चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि संविधान ने हमें समानता का अधिकार दिया है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी में सभी धर्मों के लोगों का सहयोग रहा। संविधान की रक्षा के लिये सभी नागरिकों को सजग रहना होगा। कार्यक्रम का संचालन मुफ्ती तस्लीम ने किया। शहर कांग्रेस कमेटी बिजनौर के सचिव/ कार्यालय प्रभारी मोहम्मद यूसुफ अंसारी, सलामत हुसैन, मोहम्मद लियाकत, कारी कमरुद्दीन, अब्दुल जब्बार मुतवल्ली सुनहरी जामा मस्जिद बुखारा, पूर्व मुतवल्ली हाजी नसरुद्दीन, हाफिज नसीम, महबूब अंसारी, शकील कुरेशी, तनवीर रज़ा उर्फ गुड्डू मुतवल्ली शिया जमा मस्जिद बुखारा, मास्टर शमीम जैदी, कामरान, मेराजुद्दीन अंसारी आदि मंचासीन रहे। इस अवसर पर मोहम्मद हमजा, आलम परवीन, मोहम्मद आरिश, अब्दुल्ला, मोहम्मद रयान आदि बच्चों ने कौमी तराने व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता नीरज चौधरी

# स्वाहेड़ी में चतुर्वेद महापारायण यज्ञ में हुआ किसान नेताओं का भव्य स्वागत

**बिजनौर ( चिंगारी )।** ग्राम स्वाहेड़ी में आयोजित चतुर्वेद महापारायण यज्ञ के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत, जिला अध्यक्ष बिजनौर सुनील कुमार प्रधान एवं युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिद्धू सहित संगठन के अन्य पदाधिकारियों के आगमन पर ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं द्वारा ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य एवं उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और जयघोष के बीच अतिथियों का स्वागत होने से पूरा यज्ञ परिसर उत्सवमय वातावरण में परिवर्तित हो गया। इसके उपरांत सभी गणमान्य अतिथियों ने वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के किसान, सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु भारी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन ने वैदिक परंपरा, धार्मिक आस्था एवं सामाजिक एकता का सशक्त संदेश दिया। यज्ञ का वातावरण पूरी तरह अनुशासित, आध्यात्मिक एवं गरिमामय बना रहा।



# झालू में ई-रिक्शा यूनियन ने निकाली तिरंगा रैली



**झालू ( चिंगारी )।** नगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ई-रिक्शा मजदूर यूनियन झालू की ओर से एक तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम बस स्टैंड स्थित कार्यालय पर संरक्षक सुरेश वर्मा, अध्यक्ष नदीम अहमद आज़ाद एडवोकेट एवं महामंत्री शोएब अख्तर ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इसके बाद नगर में तिरंगा रैली आयोजित की गई। इस दौरान यूनियन के संरक्षक लवलेश कुमार, उपाध्यक्ष राजू अग्रवाल, मोहम्मद बिलाल, अरशद, बबलू, कोषाध्यक्ष मोहम्मद फाजिल, क़ानूनी सलाहकार सोनू राणा, शेख मोहम्मद आदिल, सोशल मीडिया प्रभारी मोहम्मद हसीन उर्फ शब्बू, अभिषेक अग्रवाल, मोहम्मद इस्माईल, रईस अहमद, अरमान मलिक, निसार मलिक, सलीम मंसूरी, नाजिम अंसारी, क्लब महामंत्री कामेंद्र चौधरी, पत्रकार रिज़वान सिद्दीकी, डॉ. अमीरुद्दीन अंसारी, विकास अग्रवाल, शुभम अग्रवाल, मोहम्मद दानिश एवं वरिष्ठ यूनियन पदाधिकारी अब्दुल रशीद, टिमलवा आदि मौजूद रहे।

# जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**नहटौर ( चिंगारी )।** नगर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और देशप्रेम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर देशभक्ति के नारों से गुंजायमान रहा। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रेयांश कुमार जैन एवं विशिष्ट अतिथि अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण कर किया। ध्वजारोहण के पश्चात विद्यालय के छात्रों ने तिरंगे को सलामी दी और राष्ट्रगान का गायन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने 26 जनवरी के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति ने पत्रकारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक संदीप जैन, अध्यक्ष अनुराग जैन, कोषाध्यक्ष शैलेन्द्र जैन, कमल वर्मा, सिद्धांत जैन, पंकज जैन, विनय जैन, मुकेश गुप्ता, शिप्पी जैन सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ, गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



# एच.एम. स्कूल में हुआ भव्य कार्यक्रम

**बिजनौर( चिंगारी )।** हरपति मेमोरियल पब्लिक स्कूल बिजनौर में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। स्कूल के चेयरमैन अशोक कुमार चौधरी, प्रबंधक श्रीमती कुसुम चौधरी एवं स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव सहरावत ने ध्वजारोहण किया। चारों हाउस के छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट द्वारा ध्वज को सलामी दी गई। कार्यक्रम का संचालन कक्षा 9वीं की छात्रा आराध्या एवं दिव्यांश चौधरी ने किया। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। दिलावर सिंह, अशोक कुमार, मयंक सिंह, अमित कुमार, नागेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह आदि ने गणतंत्र दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किये। स्कूल के चेयरमैन अशोक कुमार चौधरी ने संबोधित करते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव सहरावत ने गणतंत्र दिवस से संबंधित बहुत से प्रश्न व उनके उत्तर छात्रों के साझा किए।



# ग्रेट इंडियन एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

**झालू ( चिंगारी )।** ग्रेट इंडियन एकेडमी में 77वां गणतंत्र दिवस का आयोजन अत्यंत गरिमामय, अनुशासित एवं देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक गौरव डाबरा, प्रधानाचार्य मुकुल शर्मा, उपप्रधानाचार्या श्रीमती दीक्षा डाबरा, एकेडमिक डीन मिस्टर आयुष अग्रवाल ने सामूहिक रूप से ध्वजारोहण किया। सुश्री पल्लवी द्वारा प्रस्तुत हिंदी भाषण ने संविधान, स्वतंत्रता और नागरिक कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। एल.के.जी. के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नृत्य 'फिर भी दिल है हिंदुस्तानी' ने देशप्रेम की भावना को जीवंत कर दिया। कक्षा 9 की छात्रा आर्यना चौधरी ने अंग्रेज़ी भाषण के माध्यम से भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों और युवाओं की भूमिका पर प्रभावशाली विचार रखे। कार्यक्रम का समापन श्रीमती आरती शर्मा द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। यह आयोजन न केवल मनोरंजक रहा, बल्कि विद्यार्थियों में देशभक्ति, अनुशासन और राष्ट्रीय एकता की भावना को भी सुदृढ़ करने वाला सिद्ध हुआ।



# कथा से पूर्व निकाली भव्य कलश यात्रा



**शेरकोट ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम हाफिजाबाद बिहारीपुर स्थित बड़े शिव मंदिर में मंगलवार से शुरू हुई सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के प्रारंभिक अवसर पर क्षेत्र में कलश यात्रा निकाली गई। कल दोपहर कथा के प्रारंभिक अवसर पर 101 महिलाओं ने राम गंगा नदी के तट पर पहुंचकर कलश जल से भरकर पैदल यात्रा निकाली, जो हाईवे से होती हुई गांव के विभिन्न मार्गो से बड़ा शिव मंदिर में बनाए गए कथा पंडाल में जाकर पूर्ण हुई। कलश यात्रा में खुशी राजपूत, सरोज, राधिका चौहान, परी चौहान, रिंकी, ललिता चौहान आदि सैकड़ो महिलाओं सहित आकाश प्रजापति, गगनदीप चौहान, नितिन चौहान, सौरभ शर्मा, हनी चौहान, तरुणवीर सिंह, जितेंद्र राजपूत, शेखर चौहान, संदीप चौहान, सदन सिंह, रोहित, चंद्रभान सिंह, रोहिताश सिंह, दीपांशु बिश्नोई, अवनीश कुमार उर्फ बिट्टू भैया आदि सैकड़ो ग्रामवासी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भगत सिंह शाखा के स्वयंसेवक मौजूद रहे। श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ देर शाम कथावाचक पंडित जितेंद्र वशिष्ठ ने किया।

# खुर्शीद अंसारी को श्रद्धांजलि अर्पित की

**किरतपुर ( चिंगारी )।** धामपुर के वरिष्ठ पत्रकार व चिंगारी और बिजनौर टाइम्स परिवार के सदस्य खुर्शीद अंसारी के निधन से नगर के पत्रकारों में शोक व्याप्त हो गया। स्थानीय प्रेस क्लब की एक आवश्यक बैठक कल अध्यक्ष ऋतुज शर्मा व महामंत्री हसन अली चौधरी के संचालन में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रेस क्लब के संरक्षक प्रदीप चौहान ने कहा कि खुर्शीद अंसारी जैसा निर्भीक खुश मिजाज पत्रकार होना बड़ी बात थी और वह यारों के यार थे। उनके निधन पर बैठक उपरांत श्रद्धांजलि अर्पित की गई और भगवान से प्रार्थना की उनकी आत्मा को शांति व परिजनों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की गई है। बैठक में दिलशाद अल्वी, सुधीर कुमार, ललित मेहरा, वेदव्रत वेणु, मनोज कुमार, गौतम सिंह, जैनेंद्र राजपूत आदि पत्रकारों ने भाग लिया।

## पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल में गणतंत्र दिवस मनाया हर्षोल्लासपूर्वक




**बिजनौर ( चिंगारी )।** यहां बैराज रोड स्थित पुलकित मेमोरियल हॉस्पिटल में गणतंत्र दिवस बड़े हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। एमडी श्रीमती सविता मित्तल और डॉ. हरीश मित्तल ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान प्रस्तुत करके किया। मेडिकल सुपरिंटेंडेंट द्वारा श्रीमती सविता मित्तल को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उपस्थिति चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ, कर्मचारियों एवं समस्त स्टाफ का पूर्ण सहयोग रहा।

## एसएफआई ने निकाली तिरंगा यात्रा


एसएफआई की शोभायात्रा में शामिल झांकी

**हल्दौर ( चिंगारी )।** स्टूडेंट फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) द्वारा गणतंत्र दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एसएफआई कार्यकर्ताओं द्वारा नगर भर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। गणतंत्र दिवस पर एसएफआई कार्यकर्ताओं द्वारा नगर भर में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा में भारत का संविधान, देश के महापुरुषों, ऑपरेशन सिंदूर आदि की सुंदर एवं आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। शोभा यात्रा में वरिष्ठ कॉमरेड इशाक मनसूर, कमलजीत भाटी, रवि कुमार, अभिषेक कुमार, राजू, सुमित कुमार, वीर सिंह, अर्नव, मौहम्मद आकिब, आकाश कुमार आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

## डीजीपी ने एसओ रेहड़ को सराहनीय सेवा सम्मान से नवाजा

### एसपी ने भी शमीमा हत्याकांड के सफल अनावरण पर किया सम्मानित



**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** थानाध्यक्ष रेहड़ एसआई विजेंद्र सिंह राठी को प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा सम्मान चिन्ह लगाकर व मेडल भेंट कर सम्मानित किया है। श्री राठी को इस सम्मान की मान्यता यूपी के पुलिस महानिदेशक ( डीजीपी ) द्वारा दी गई है। दूसरी ओर थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम हसनपुर निवासी विधवा शमीमा हत्याकांड का चंद दिनों के अंदर ही सफल अनावरण कर हत्या में संलिप्त अभियुक्तों को गिरफ्तार किए जाने पर पुलिस अधीक्षक बिजनौर अभिषेक झा ने भी एसओ विजेंद्र सिंह राठी को सम्मानित किया है। उनके इन दोनों सम्मान पर उनके अधीनस्थों, अनेक पुलिसकर्मियों एवं उनके शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

समस्त देशवासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



वाइन कम्पनी
इमलिया कैम्पस
बिजनौर

समस्त देशवासियों को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



अरुण कुमार वर्मा
प्रदेश उपाध्यक्ष- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल
प्रदेश महामंत्री- उत्तर प्रदेश ज्वैलर्स एसोसिएशन
राष्ट्रीय संरक्षक- ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन



अमित कुमार वर्मा
जिला अध्यक्ष
ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन

निवेदक- मोतीराम वर्मा एंड संस ज्वैलर्स
बड़ा बाजार स्योहारा, बिजनौर

# देशभक्ति के तराने गाये, तिरंगे शान से लहराये

## सत्यवीरा कॉलेज में बड़ी धूमधाम से मनाया गया गणतन्त्र दिवस



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला बिजनौर की शिक्षा क्षेत्र में सबसे पुरानी व अग्रणी वीरा चेरीटेबल सोसाइटी धर्मनगरी द्वारा संचालित संस्था कुवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड मैनेजमेंट व कुंवर सत्यवीरा डिग्री कॉलेज बिजनौर में संयुक्त रूप से 77वां गणतन्त्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। ध्वजारोहण संस्था निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल एवम प्राचार्य डॉ. महेंद्र सिंह कौरव ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रबंध तंत्र से सचिव कु. उदयन वीरा, कु.रुचि वीरा (सांसद मुरादाबाद) एवम रेडियो सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन ने कॉलेज के सभी सदस्यों से एकजुटता के साथ कार्यो को सुचारु रूप से करने का आह्वान किया व 77वें गणतन्त्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर स्टाफ की ओर से डीन एकेडेमिक मनोज कुशवाहा ने अपने विचार प्रस्तुत किये व देवकी रावत ने देशभक्ति का तराना प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्वेता गौड़ ने किया।

## विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय पर्व



**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** सरस्वती शिशु एवं विद्या मंदिर उलेढा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण एवं भैया-बहनों द्वारा देशभक्ति गीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता और मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में पराग गुप्ता रावटी भट्टे वाले व अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह इंजीनियर को मुख्य अतिथि बनाया गया। पूर्व पुलिस निरीक्षक संग्राम सिंह कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ. राजवीर सिंह, प्रबंधक मा. अजीत सिंह, कोषाध्यक्ष ऋषिपाल सिंह, अजय सिंह अमीन, अंकुर महकार सिंह, पूर्व प्रधान भीम सिंह, पूर्व प्रधान रमेश सिंह, उपाध्यक्ष सतवीर सिंह, प्रधानाचार्य सुरेश कुमार चौहान सहित समस्त आचार्य परिवार का सहयोग रहा।

## मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल में रही गणतंत्र दिवस की धूम



**नहटौर ( चिंगारी )।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल झालू रोड नहटौर में 77 वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य डा. सचिन चौधरी और मुख्य अतिथि नमन चौधरी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद चारों सदनों के छात्रों ने मार्च पास्ट शुरु किया और राष्ट्र को अपना सम्मान दिया। बच्चों ने स्लोगन बोलकर स्वतन्त्रता सेनानियों और अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। बच्चों की टीम ने इस शुभ दिन पर देशभक्ति गीत गाकर अपनी भावनाम प्रस्तुत की तथा अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।

## गणतंत्र दिवस पर गरीबों को कम्बल बांटे

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** गणतंत्र दिवस पर दीपा दृष्टि फेडरेशन द्वारा रेहड़ स्थित रामलीला मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित 101 जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। गादला कुटी आश्रम के महंत शम्भू नाथ द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, जबकि मुख्य अतिथि स. गुरविंदर सिंह द्वारा तिरंगा फहराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कई मशहूर यूट्युबर्स ने अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर खूब धमाल मचाया। फेडरेशन के अध्यक्ष शुभम वर्मा ने अगले वर्ष संस्था द्वारा जरूरतमंदों को 1100 कंबल बांटने और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी का ऐलान किया। इस अवसर पर गांव व क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## ग्राम सचिवालय पर तिरंगा फहराया

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** क्षेत्र के रतनपुर खुर्द गांव में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सचिवालय भवन पर ग्राम प्रधान श्रीमती संगीता एवं मा. बेगराज सिंह द्वारा संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया गया। इस दौरान सभी वक्ताओं ने देश के अमर शहीदों को याद किया। कार्यक्रम में मा. दुष्यंत कुमार, सुरजीत सिंह, शिवपाल सिंह, घसीटा खा, सुरेंद्र सिंह, निंदना, सुबोध गुप्ता, गौरव गुप्ता, सोनू आदि मौजूद रहे।

## शिक्षण संस्थाओं पर तिरंगा फहराया



आर.आर. पब्लिक स्कूल में सलामी लेते डा. मनुजेंद्र गुप्ता।

**नूरपुर ( चिंगारी )।** 77 वें गणतंत्र दिवस सरकारी व अर्धसरकारी संस्थाओं में तिरंगा फहराया गया। आरआर पब्लिक स्कूल में चेयरमैन डॉ. मनुजेंद्र गुप्ता ने चिल्ड्रन्स एकेडमी सीनियर सेकेंड्री स्कूल में चेयरमैन सतवीर गुप्ता ने न्यू हैवन इंटर कॉलिज में प्रबंधक नफीस अहमद मंसूरी ने, एमज़ेड जूनियर हाईस्कूल में प्रबंधक रियाजुद्दीन उर्फ मंटू ने, अशरफ़ जकारिया इंटर कॉलिज में प्रबंधक हाजी सलमान अंसारी ने, नगरपालिका परिषद कार्यालय पर पालिकाध्यक्ष डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह ने, ब्लॉक कार्यालय पर प्रमुख आकांक्षा चौहान ने, थाना कार्यालय पर थानाध्यक्ष विकास कुमार तेवतिया ने तिरंगा फहराया। विद्यालयों में बच्चों ने सांस्कृतिक व देशभक्ति पर आधारित नाट्य मंचन प्रस्तुत किए।

## चाचा नेहरू बाल विद्या मंदिर में हुआ भव्य कार्यक्रम



**साहनपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय चाचा नेहरू बाल विद्या मंदिर में 77 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर स्कूल निदेशक सुनील भारद्वाज एडवोकेट ने ध्वजारोहण किया और छात्र/छात्राओं को गणतंत्र दिवस के बारे में विस्तृत रूप से बताया। अनेक छात्र/छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मोबाइल के उपयोग पर विशेष रूप से एक गाना प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित अतिथि हेमंत कुमार, किरन रानी आदि ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य नमिता रानी, शिखा सिंह, रूपा कश्यप, सोफिया, वैशाली सिंह, अक्षिता सिंह, प्रियांशी सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।

## ऑक्सफोर्ड स्कूल में शानदार ढंग से मनाया गया गणतन्त्र दिवस





**नहटौर ( चिंगारी )।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। विद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किये, जिसमें स्कूल अध्यक्ष इं. आशीष सिंघल, प्रबन्ध निदेशिका व पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका धामपुर लीना सिंघल तथा प्रधानाचार्य इदरीस अहमद ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के बाद स्कूल अध्यक्ष इं. आशीष सिंघल ने विद्यालय को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी राष्ट्रीय पर्व प्रत्येक नागरिक को देश की रक्षा का संकल्प दिलाते हैं। सभी बच्चों को अपने माता-पिता व बड़ों का तथा अध्यापकों का सम्मान भी करना चाहिए। इसके साथ-साथ अपने देश को साफ रखना भी हमारा कर्तव्य है। कक्षा नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, गायन, नाटक मंचन तथा भाषण इत्यादि की प्रस्तुतियां दी गयीं। कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा 11वीं की छात्रा अंजली व हिफज़ा व अध्यापक त्रिमोहन गंगोत्री के निर्देशन में किया गया।

# बच्चों ने अपनी प्रस्तुति से मोह लिया मन



**नूरपुर ( चिंगारी )।** धामपुर रोड स्थित गुरुतेग बहादुर पब्लिक स्कूल में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने तिरंगा फहराया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति के गीत व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। कनक, धैर्य, दिव्यांका ने गणतंत्र दिवस पर प्रभावशाली भाषण से इस दिन के बारे में सबको अवगत कराया। नाट्य प्रस्तुति नन्हा बचपन से सबका मन मोह लिया। मानवी, आदित्री, आरव, कृष्णा, करुण्या, परिधि, कृतिका, छविका आदि छात्र-छात्राओं द्वारा द्वारा राजस्थानी घमाखानी प्रस्तुति सबसे अच्छी रही। प्रबंध निदेशक मंदीप सिंह ने छात्रों से कहा कि यह उनका कर्तव्य है कि वे बेहतर बनें और अपने, अपने परिवार, अपने समुदाय, अपने देश के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें।

# हितेश कुमार शर्मा की 103वीं पुस्तक का विमोचन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** श्री हितेश कुमार शर्मा द्वारा वस्तु एवं सेवाकर अधिनियम के अन्तर्गत लिखित पुस्तक रिफरैन्डम का विमोचन दिनांक 23 जनवरी 2026 को उनके परम मित्र श्री ब्रिगेडियर रामगोपाल विधु द्वारा हितेश कुमार शर्मा के निवास स्थान पर किया गया। यह पुस्तक श्री हितेश कुमार शर्मा द्वारा स्व. ओपी अग्रवाल एडवोकेट को समर्पित की गयी है, जो रामगोपाल विधु के मित्र रहे हैं। श्री हितेश कुमार शर्मा को इस 103वीं पुस्तक के विमोचन के अवसर पर बहुत-बहुत बधाई। चित्र संलग्न बायें से दायें श्री उमेशचन्द्र शर्मा, श्री हितेश कुमार शर्मा, ब्रिगेडियर श्री रामगोपाल विधु तथा उनके बहनोई श्री अरविन्द गुप्ता सम्मिलित रहे।

## दलबदलुओं को सम्मान देकर कांग्रेस ने हमेशा नुकसान उठाया : इस्माईल तुर्क

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अफजलगढ़ निवासी वरिष्ठ नेता इस्माईल तुर्क ने दूसरी पार्टी छोड़कर कांग्रेस में आए और फिर कांग्रेस छोड़कर चले जाने वाले नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने दलबदलुओं को सम्मान देकर हमेशा नुकसान उठाया है। इस्माईल तुर्क कासमपुर गढ़ी में आयोजित एक निजी कार्यक्रम में शिरकत के दौरान चिंगारी से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में वाकई सम्मान की कमी नहीं है, मगर कुछ दल



बदलु नेता उस सम्मान के लायक नहीं होते जिन्हें पार्टी बिना सोचे समझे पद रूपी सम्मान दे देती है। उन्होंने हाल ही में कांग्रेस छोड़ देने वाले नेताओं पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी हाईकमान दूसरी पार्टियों से आए दलबदलु नेताओं पर बिना सोचे समझे विश्वास कर उन्हें सिर-आंखों पर बैठा लेती है और वो स्वार्थी नेता हैं कि उस सम्मान को पचा नहीं पाते और दूसरी पार्टियों द्वारा टुकड़ा डाल देने पर कांग्रेस पार्टी को धोखा दे जाते हैं। इस्माईल तुर्क ने पार्टी हाईकमान से मांग की है कि दलबदलु नेताओं के संबंध में गंभीरता से विचार करने से पूर्व उन्हें आनन-फानन में पदासीन न किया जाए, बल्कि उनसे कुछ समय पार्टी के लिए काम कराया जाए, तब कहीं जाकर उनके काम के आधार पर उन्हें सम्मान दिया जाए।


# गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर नगर पालिका परिषद शेरकोट, समस्त सम्मानित नागरिकों से अपील करती है कि :-

01. पॉलीथीन का प्रयोग पूर्णत: प्रतिबंधित है, इसलिये पॉलीथीन का प्रयोग बिल्कुल न करें, पर्यावरण बचाने में सहायता करें।
02. समस्त नागरिकों से अपील की जाती है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के दृष्टिगत नगर पालिका परिषद शेरकोट, जनपद बिजनौर के कार्यों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।
03. सफाई कार्य ठीक प्रकार कराने हेतु टोल फ्री नं. 14420 व 1533 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।
04. समस्त पंजीकृत प्राईवेट सेप्टिक टैंक खाली करने वालों से अपील की जाती है कि वह (अनिस्तारित मल) इधर-उधर खाली न करें। नगर पालिका द्वारा संचालित डंम्पिंग ग्राउंड में ही डालें।
05. कूड़ा गीला व सूखा प्रथक-प्रथक कर निकाय द्वारा चलाये जा रहे सफाई वाहनों में ही डालें तथा डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन में सहयोग प्रदान करें।
06. खुले में शौच पूर्णत: प्रतिबंधित है, क्योंकि नगर पालिका परिषद शेरकोट ODF++ घोषित है। खुले में शौच करते हुये पकड़े जाने पर दण्ड आरोपित किया जायेगा।
07. यह नगर आपका है, इसको स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें।
08. ग्रीन सिटी, क्लीन सिटी के अन्तर्गत नगर को हरा-भरा एवं सुन्दर बनाये जाने हेतु नगर में वृक्षारोपण किया गया है, वृक्षों की रक्षा करें। नगरवासियों से अपील है कि वृक्षों को क्षति नहीं पहुंचायें।
09. पेयजल को व्यर्थ बर्बाद न करें, जल है तो कल है, इसलिये जल का संचय कर, आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित करें।
10. नगर पालिका के करों तथा अन्य देयों को समय से भुगतान करके अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करें।
11. यदि पथ-प्रकाश का कोई बिन्दु दिन में जलता दिखायी पड़े तो उसकी सूचना कार्यालय नगर पालिका को अवश्य दें।
12. जन्म-मृत्यु का पंजीकरण निर्धारित अवधि 21 दिवस के अन्तर्गत अवश्य निर्गत करायें।
13. रोड-पटरियों व नालियों पर अतिक्रमण न करें।

**अधिशासी अधिकारी**
**एवं समस्त कर्मचारीगण**
**नगर पालिका परिषद, शेरकोट**

**(शबनम नाज़)**
**अध्यक्ष एवं समस्त सभासदगण**
**नगर पालिका परिषद, शेरकोट**

# कार बिजली के पोल से टकराई दो युवकों ने जान गवाई

**नगीना ( चिंगारी )।** देहरादून–काशीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन पर ग्राम मझेड़ा में कार के अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा जाने की घटना में कार सवार दोनों युवकों की दर्दनाक मौत हो गई।

मंगलवार की दोपहर करीब 3:15 बजे थाना शेरकोट के मोहल्ला कोटरा निवासी 23 वर्षीय फहीम व मोहल्ला खुराड़ा निवासी 18 वर्षीय कैफ कार द्वारा नगीना से धामपुर की दिशा में जा रहे थे। पुलिस के अनुसार जब उनकी कार हाईवे पर ग्राम मझेड़ा के पास पहुंची तो अचानक कार अनियंत्रित होकर एक बिजली के पोल से टकरा गई। इस घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।



सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटना में घायल हुए दोनों युवकों को एंबुलेंस के द्वारा नगीना सीएचसी भेजा, जहां चिकित्सकों ने कैफ को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायल फहीम को इलाज के लिए बिजनौर रैफर कर दिया गया, जहां रास्ते में उसकी भी मृत्यु हो गई।

सभी नगरवासियों एवं जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




डॉ. इश्तियाक अंसारी
पूर्व प्रधान
एवं ग्राम पंचायत कोतवाली देहात के प्रबल प्रधान पद के उम्मीदवार

सीताराम हेल्थ क्लीनिक
की ओर से सभी देशवासियों, क्षेत्रवासियों, चिकित्सकों व शुभचिंतकों को
गणतंत्र दिवस
रंगों के त्यौहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं



डॉ. परमजीत सिंह
फिजिशियन एण्ड पेट, पित्त आंत व लिवर रोग चिकित्सक



डॉ. माया सिंह
स्त्री एवं प्रसूति रोग चिकित्सक

सीताराम हेल्थ क्लीनिक
मौ. गोकुलनगर, बिजनौर बाईपास रोड, चांदपुर ( बिजनौर )

## सपा जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन को हटाने का फैसला गलत: फरहान

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के नगर अध्यक्ष फरहान खान ने पार्टी के बिजनौर जिलाध्यक्ष जाकिर हुसैन को जिलाध्यक्ष पद से हटाने के फैसले को गलत बताया है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी बिजनौर के पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस निर्णय से खुश नहीं है। जाकिर हुसैन को दोबारा पार्टी का जिलाध्यक्ष बनाया जाए। यही पार्टी हित में सही फैसला होगा।

ऑल असद शाखा शेरकोट
की जानिब से सभी देश व नगरवासियों एवं खाताधारकों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं / मुबारकबाद।



काज़ी शमीमुमल हसन
अध्यक्ष



मोहम्मद अरशद
उपाध्यक्ष

महासचिव -शहजाद अहमद
सचिव - मोहम्मद अजमल
सहसचिव - कमर आलम
मीडिया प्रभारी -अदनान राईन
प्रबंधक -अब्दुल रहीम
कैशियर - शारिक रहमान
एवं समस्त स्टाफ ऑल असद शेरकोट ( बिजनौर )

## शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा ने फहराया तिरंगा



नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की ओर से लाहोटी मार्केट में तिरंगा फहराया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा, उपाध्यक्ष फरहत खान, मीडिया प्रभारी दीपांशु वर्मा एवं संगठन के सदस्य अमन, आसिद, नरेश, अफजल, नदीम, जावेद, नावेद, शाहरुख, लईक, कृष्णा, बिलाल, रिहान, साकिब, उवैस, सादिक, नौशाद, जैद, सैफ, सुहैल, गुलजार, अनस, लक्की, रमीज, सनहे खां, सिराज आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय महापर्व का अनादर किये जाने पर दुख जताया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता पंकज विश्नोई एडवोकेट ने नजीबाबाद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय महापर्व 77 वें गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रीय ध्वज के समय मात्र अधिवक्ताओं के ही उपस्थित रहने तथा ध्वजारोहण के उपरांत न्यायिक अधिकारी द्वारा मिष्ठान वितरण वर्षों पुरानी परम्परा व मर्यादा के विपरीत किये जाने को राष्ट्रीय महापर्व का अनादर किया जाना बताते हुए इस पर गहरा दुख व्यक्त किया।

## युवाओं ने तिरंगा फहराकर मनाया गणतंत्र दिवस

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मुगलूशाह में युवाओं ने गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन कर संयुक्त रूप से तिरंगा फहराते हुए विचार रखें। गणतंत्र दिवस पर अमर शहीदों को याद किया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खां एड, मोहम्मद शाहबाज, मोहम्मद फैजान, कांग्रेस नेता अमजद सिद्दीकी, डॉ. आफताब नोमानी, मौ. शाहनवाज, शहजाद मुलतानी, मौ. सुहैल, मौ. जैद, मौ. शाहवेज मौ. आसिफ, सूफियान, फैज, मौ. उजैर आदि मौजूद रहे।



## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर कांग्रेस कमेटी नजीबाबाद द्वारा नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी के निवास पर गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया व देश के वीरों को याद किया गया। देश के संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर को याद किया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी, उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, नगर महासचिव नदीम फारूकी, डॉ. इकबाल खान, डॉ. सलीम सैफी, हसीब अहमद, परवेज अली, डॉ. अनस, जफर आलम, रईस खान, राजेश मिश्रा राजू, शराफत चैधरी, शिताब खान, महमूद कुरैशी, शहबाज मुल्तानी, नईमुल अख्तर आदि मौजूद रहे।

# पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग को लेकर समस्त बैंकों के कर्मचारी कल रहे हड़ताल पर


एक सूत्रीय मांग को लेकर प्रदर्शन करते बैंककर्मी।

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटद्वार में यूएफबीयू के केंद्रीय नेतृत्व पर मंगलवार को बैंक कर्मियों के पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग को लेकर हड़ताल पर रहने के कारण दूरस्थ क्षेत्रों से बैंकों में आये कर्मचारियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों के बैंक संबंधी कार्य नहीं हो पाये और उन्हें वापस लौटना पड़ा।

इस दौरान सभी बैंक कर्मचारी बद्रीनाथ मार्ग स्थित पंजाब नेशनल बैंक के समक्ष एकत्रित हुये और उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। इस दौरान बैंक कर्मियों ने कहा कि वे लंबे समय से पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग कर रहे हैं, लेकिन केंद्र सरकार कर्मचारियों की इस मांग पर ध्यान देने को राजी नहीं है। कहा कि वर्तमान में बैंक कर्मचारी लगातार कार्य करते रहने के कारण खुद को तनाव में महसूस करते हैं, इसलिए कर्मचारियों की ओर से पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग लंबे समय से की जा रही है। कहा कि इस संबंध में आइबीए के साथ वर्ष 2023 में द्विपक्षीय समझौता हुआ था, जिसे आइबीए ने वित्त मंत्रालय के पास स्वीकृति के लिए भेजा था, लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस संबंध में 2025 में भी बैंक कर्मियों ने हड़ताल की थी तब वित्त मंत्रालय के अधिकारियों ने इस संबंध में सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन वहां से भी निराशा हाथ लगने के कारण बैंककर्मियों को हड़ताल पर मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं सहायक महामंत्री उत्तरांचल बैंक एम्प्लाईज यूनियन बीरेंद्र रावत ने कहा कि बैंक कर्मियों का लगातार शोषण किया जा रहा है। अगर उनकी मांगें नहीं मानी गई, तो बैंक कर्मी अनिश्चित हड़ताल करने को बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में यूएफबीईयू के नगर संयोजक धर्मपाल सिंह बिष्ट, हरजीत सिंह, रमेश नेगी, सविता कोटनाला, राहुल नेगी, विक्रम सिंह और दिनेश सिंह सहित अन्य बैंक कर्मचारी शामिल रहे।

# पांच पुलिस अधिकारी/कर्मचारी सराहनीय सेवा हेतु सम्मानित


SSP सर्वेश पंवार

**कोटद्वार (चिंगारी)।** गणतंत्र दिवस पर उत्तराखंड शासन एवं पुलिस महानिदेशक द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार समेत जनपद के पांच अधिकारियों/कर्मचारियों को सराहनीय सेवा के लिए सम्मानित किया गया। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार आईपीएस सर्वेश पंवार को पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क सिल्वर (विशिष्ट कार्य के लिए) इन्स्पेक्टर मौ. अकरम अंसारी पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क गोल्ड (सेवा के आधार पर) अपर उप निरीक्षक अरमोर लोकेंद्र तोमर को पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क सिल्वर (सेवा के अधिकार पर) अपर उप निरीक्षक सुनील कुमार को राज्यपाल उत्कृष्ट सेवा पदक (विशिष्ट कार्य के लिए) हैंड कांस्टेबल सन्तोष कुमार को पुलिस महानिदेशक प्रशस्ति डिस्क सिल्वर (विशिष्ट कार्य के लिए) प्रदान किया गया।

# एस.बी. कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**बिजनौर (चिंगारी)।** एसबी कॉलेज बिजनौर में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम प्रबंध समिति की ओर से डॉ. अशरफ अली खान एवं श्री हस्सान पठान के द्वारा ध्वज फहराकर राष्ट्रगान गाया गया। प्राचार्य डॉ. एस.एस. हसन ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए गणतंत्र दिवस की सबको बधाई दी और संविधान की प्रस्तावना पढ़ कर इसकी महत्ता को समझाया। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये तथा प्रवक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर कॉलेज की प्रबंध समिति की ओर से डॉ. अशरफ अली खान, श्री हस्सान पठान, कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एस.एम. हसन और प्रवक्तागण ममित कुमार, सचिन कुमार, कपिल कुमार, प्रज्ञा अग्रवाल, अफरोज जहां, सोनू सिंह, शालिब बेग और मौ. फैजान उपस्थित रहे।

## झमाझम बारिश से लौट आई ठंड

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटद्वार और आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार दोपहर से झमाझम बारिश होने के कारण जाती ठंड वापस लौट आई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के क्रम में मंगलवार सुबह से आसमान में काले बादल छाने लगे थे, दोपहर में तेज गड़गड़ाहट के साथ बारिश आरंभ हो गई। दो दिन तक तेज धूप के कारण बढ़ता तापमान अचानक कम हो गया और ठंड का एहसास होने लगा।




# आधारशिला स्कूल में निकाली भव्य प्रभात फेरी

**चांदपुर (चिंगारी)।** आधारशिला द स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने नगर में भव्य एवं विशाल प्रभातफेरी निकाली। भारत माता व बंदे मातरम के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। प्रबंधक विवेक कर्णवाल व श्रीमती एकता कर्णवाल ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। बाद में पंचवटी से विशाल प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में भगवान शिव परिवार, राधाकृष्ण, श्री राम दरबार, देवी मां सरस्वती की वाहिनी, काकोरी काण्ड की झांकी, स्काउट गाइड की टोली, तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रूप को प्रदर्शित करती झांकी शामिल थी। देशभक्ति गीतो ने वातावरण को देशभक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक राधेश्याम कर्णवाल, प्रबंधक विवेक कर्णवाल, श्रीमती एकता कर्णवाल, प्रधानाचार्य श्रीमती अनीता शर्मा, उपप्रधानाचार्य बिजेंद्र सिंह नेगी, कोआर्डिनेटर श्रीमती बबीता त्यागी आदि मौजूद रहीं। संचालन चतुर्भुज पांडे ने किया।

# विद्यालयों में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

**कोटद्वार (चिंगारी)।** कोटद्वार और आसपास के विद्यालयों में देश का 77वां गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के साथ ही प्रभात फेरी भी निकाली। इस क्रम में महर्षि विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह गुसाईं ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को संविधान के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। आइटीडीए कैल्क, राजकीय महाविद्यालय और भाबर स्थित राजकीय महाविद्यालय सहित क्षेत्र के सभी विद्यालयों में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। नगर निगम के अंतर्गत घमंडपुर वार्ड 29 के पार्षद अमित नेगी सहित सभी पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में ध्वजारोहण किया।

# सद्भावना क्रिकेट मैच में बार एसोसिएशन ने प्रेस क्लब को हराया



**कोटद्वार (चिंगारी)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर प्रेस क्लब कोटद्वार के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय सुधीन्द्र नेगी की स्मृति में राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम, में क्रिकेट सद्भावना मैत्री मैच का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल पांच टीमों ने प्रतिभाग किया।

पहला मुकाबला बार एसोसिएशन कोटद्वार एवं एलआईयू पुलिस कंबाइंड के बीच खेला गया, जिसमें बार एसोसिएशन विजयी रहा। दूसरा मैच लायंस क्लब कोटद्वार एवं इलेक्ट्रॉनिक/डिजिटल मीडिया कोटद्वार के बीच हुआ, जिसमें लायंस क्लब ने जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में बार एसोसिएशन कोटद्वार ने प्रेस क्लब को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।

फाइनल मुकाबले में बार एसोसिएशन कोटद्वार ने लायंस क्लब कोटद्वार को हराकर प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। व्यक्तिगत पुरस्कारों में मैन ऑफ द सीरीज़ का सम्मान राजीव पटवाल (बार एसोसिएशन) को प्रदान किया गया। सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ दुर्गेश धस्माना (एलआईयू पुलिस) एवं हितेश रावत रहे, जबकि सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ का पुरस्कार हितेश (लायंस क्लब) एवं ललित पटवाल को मिला। मैच का शुभारंभ नगर निगम आयुक्त श्री पी.एल. शाह द्वारा किया गया, जबकि समापन समारोह भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री शैलेंद्र बिष्ट के कर कमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रेस क्लब कोटद्वार के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# भूमि विकास बैंक के चुनाव में राकेश कुमार विजयी

**हल्दौर ( चिंगारी )।** भूमि विकास बैंक हल्दौर के हुए शाखा प्रतिनिधि चेयरमैन के चुनाव में राकेश कुमार (पुट्ठा वाले) 14 वोटो से विजयी हुए। जिससे उनके समर्थक बल्लियों उछल पड़े। विधायक ओमकुमार की भी खूब जय-जयकार हुई

मंगलवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था व भारी बारिश के बीच ब्लॉक कार्यालय के डबाकरा हॉल में संपन्न हुए चुनाव में कुल 2703 मतदाताओं में से 1241 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान सुबह 8 से शाम 4 तक चला। मतदान समाप्ति के तुरंत बाद हुई मतगणना में राकेश कुमार (पुट्ठा वाले) ने अपने प्रतिद्वंदी धर्मवीर सिंह उर्फ आशु को 14 वोटो से शिकस्त देकर जीत हासिल की। राकेश कुमार को 622 तथा धर्मवीर सिंह को 608 वोट मिलें। जबकि 10 वोट निरस्त पाये गये।


आरओ व एआरओ नवनिर्वाचित शाखा प्रतिनिधि राकेश कुमार को जीत का प्रमाण पत्र देते हुए


विधायक ओम कुमार नवनिर्वाचित शाखा प्रतिनिधि राकेश कुमार को मिठाई खिलाकार जीत की बधाई देते हुए

आरओ राहुल गौतम व एआरओ सुशील कुमार ने नवनिर्वाचित शाखा प्रतिनिधि राकेश कुमार को जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। इस दौरान एसडीएम सदर रितु रानी, पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर गौतम कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार, एडीओ आईएसबी अजयपाल सिंह, एडीओ समाज कल्याण रवि कुमार शर्मा, एडीओ एसटी अरेंद्र कुमार, ब्लॉक हल्दौर के सचिव संजीव कुमार, संजय सिंह, अंकुर सिंह, शरद चौधरी, कमलकांत आदि मौजूद रहें। राकेश कुमार के विजयी होते ही ब्लॉक कार्यालय के बाहर सैकड़ो की तदाद में खड़े उनके समर्थकों ने फूल मालाएं पहनाकर जीत की बधाई दी। उधर क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार ने भी नहटौर स्थित अपने कैंप कार्यालय पर नवनिर्वाचित शाखा प्रतिनिधि राकेश कुमार का फूल मालाएं पहनाकर और मिठाई खिलाकर जोरदार स्वागत किया और बधाई दी। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती शोभा रानी, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष रोबिन चौधरी, गन्ना समिति हल्दौर के चेयरमैन चौ.नरेश कुमार, वरुण प्रताप सिंह उर्फ हनी प्रधान, दर्पण रावल, पीयूष चौहान, हेमेंद्र सिंह प्रधान, नरेश कुमार प्रधान, डॉ सोहित चौधरी, वरुण अग्रवाल, शिवम चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## विधायक ओमकुमार की अहम भूमिका रही

**हल्दौर ( चिंगारी )। भूमि विकास बैंक हल्दौर के शाखा प्रतिनिधि/चेयरमैन के चुनाव में विजयी हुए राकेश कुमार की जीत में क्षेत्रीय विधायक ओम कुमार की अहम भूमिका रही। विधायक ओम कुमार ने अपनी टीम के साथ राकेश कुमार का चुनाव पूरी लगन व मेहनत के साथ लड़ाया। उन्होंने राकेश कुमार को एक योग्य, व्यवहार कुशल, कर्मठशील और सभी का मान सम्मान करने वाले प्रत्याशी बताते हुए क्षेत्रवासियों व मतदाताओं के बीच अपनी पकड़ बनाई। चुनाव में विधायक ओम कुमार की मेहनत रंग लाई और राकेश कुमार ने 14 वोटो से शानदार जीत हासिल की।**

## प्रबंध समिति पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से किया ध्वजारोहण

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला रम्पुरा स्थित मौहम्मद अली जौहर गर्ल्स इंटर कॉलेज में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रबंध समिति के अध्यक्ष खुर्शीद आलम एड., पूर्व अध्यक्ष अब्दुल वाहिद, प्रबंधक मौ. युनूस, नायाब मैनेजर मौ. असलम, मौ. अनवर, मौ. आबिद व समस्त कमेटी मेम्बरों ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम का निर्देशन प्रधानाचार्य श्रीमती ज्योति एवं संचालन छात्रा आयशा ने किया। छात्रा नय्यर, शबाना नाज ने तिलावते कुरान पेश किया। छात्रा जोया, अदीबा, वजीहा, मदीहा, लबीबा, बरीरा ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। जुनैद, शहादत, गोरी, हमजा, जुफरा, जीनत ने डान्स प्रस्तुत किया। जुनाइशा ने कविता, अदीबा व माहिरा ने गीत प्रस्तुत किया। शिक्षिका शगुफ्ता, फरहा, रुकैय्या, फौजिया, बुशरा रहमान, नाजरीन, शबाहत, रूबी आदि का सहयोग रहा।

## वसीम कुरैशी ने मृतक अरमान के परिजनों को ढाई लाख देने की घोषणा की



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के समाजसेवी एवं दुआ फाउंडेशन के डायरेक्टर वसीम कुरैशी ने पिछले दिनों कस्बा जलालाबाद में 16 वर्षीय किशोर अरमान की बेरहमी से की गई हत्या पर अफसोस जताते हुए उसके परिवार को हत्या के मुकदमें में खर्च होने वाला पूरा खर्च तथा फाउंडेशन की ओर से ढाई लाख रूपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि वसीम कुरैशी पूर्व में भी हादसों का शिकार हुए कई लोगों के परिवारों को आर्थिक सहायता के रूप में ढाई-ढाई लाख रूपए की धनराशि का चेक देकर उनकी सहायता कर चुके है। वसीम कुरैशी के इस कार्य की सराहना की जा रही है।

### वसीम कुरैशी ने गणतंत्र दिवस पर दिखाई फ्री बॉर्डर-2

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के समाजसेवी एवं फिल्म प्रोड्यूसर वसीम कुरैशी ने गणतंत्र दिवस के दिन युवाओं में देश प्रेम की भावना जागृत करने व इसका लुत्फ उठाने के लिए युवाओं के लिए नगर के हरिद्वार मार्ग स्थित बाबा काम्प्लेक्स सिनेमा में बॉर्डर-2 फिल्म के सभी शो अपने खर्च से फ्री दिखाए। युवाओं ने बॉर्डर-2 फिल्म के फ्री शो देखकर वसीम कुरैशी की सराहना की। वसीम कुरैशी ने कहा कि युवाओं के लिए उनकी तरफ से यह गणतंत्र दिवस का तोहफा था।

## कार की चपेट में आकर वृद्धा की मौत

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नेशनल हाईवे पर कार की चपेट में आने से गम्भीर रूप से घायल हुई बुजुर्ग महिला की उपचार के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। कोई कार्रवाई ना करने पर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। थाना नजीबाबाद क्षेत्र के ग्राम शाहपुर खडकपुर निवासी 70 वर्षीय विमला देवी शेरकोट स्थित अपनी रिश्तेदारी में आयी हुई थी। मंगलवार की दोपहर दो बजे विमला देवी धामपुर मार्ग पर स्थित मनोकामना मंदिर में आयोजित भंडारे में जा रहे थे। बताया जाता है कि वह मंदिर के निकट सड़क पार कर रही थी कि इस बीच धामपुर की ओर से आ रही एक कार की चपेट में आ गई । जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। महिला को तत्काल उपचार हेतु धामपुर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने बताया कि वृद्धा के परिजनों द्वारा कोई कार्यवाही ना करने की तहरीर दिये जाने पर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## भोजपुर में हुई चोरी का खुलासा, पड़ोसी गिरफ्तार

किरतपुर। समीपवर्ती ग्राम भोजपुर में रवि पुत्र सुखराम के यहां हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने रवि के पड़ोसी हिमांशु पुत्र तपेश को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार उसके पास से चोरी किये गये सोने-चांदी के जेवर बरामद हुये हैं। उल्लेखनीय है कि ग्राम भोजपुर के रवि पुत्र सुखराम ने थाने में तहरीर दी थी कि वह अपने परिवार सहित ग्राम नंगली थाना मंडावर गया था। शाम को जब वह वापस आया तो देखा कि कमरे में रखी सेफ का ताला टूटा था और लाखों रुपए के सोने चांदी के जेवर व दो लाख की नकदी गायब थी। पुलिस के अनुसार चोरी का खुलासा हो गया है। रवि के पड़ोसी हिमांशु को चोरी किये गये माल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।

## पत्रकार महावीर सिंह राजपूत का बीमारी के चलते निधन

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। क्षेत्र के ग्राम भागूवाला निवासी अमर पत्रकार महावीर सिंह राजपूत का लम्बी बीमारी के चलते निधन हो गया है। काफी समय से अस्वस्थ चलने के कारण उन्होंने अर्धरात्रि लगभग 1 बजे अंतिम सास ली। उनके निधन से परिवार के साथ गांव में शोक की लहर दौड़ गई। क्षेत्र के पत्रकारों में शोक छा गया। वह बहुत ही मिलनसार व मृदुभाषी थे। इनके निधन पर क्षेत्र के पत्रकारों गजेन्द्र सिंह, चौधरी वीर सिंह, नौशाद मुल्तानी, मोहित कर्णवाल, अब्दुल रहमान अल्वी, अफजाल अंसारी, मुस्तकीम अहमद, आकाश ठाकुर, राजवीर सिंह, प्रियांशु, संदीप कुमार, सोमपाल उपाध्याय, राकेश कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, अर्पित वर्मा, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह, देशवाल, चैधरी ईशम सिंह, मयंक कश्यप, एजाज अहमद, विश्वास द्विवेदी, अनुज शर्मा, मुकुल शर्मा, वाजिद मकरानी, बसपा नेता अबरार आलम, शेषपाल राठी, मोहित वालिया, साबू मकरानी, मुजाहिद हुसैन, प्रीतम सिंह राठी, विकुल सिंह, इफ्तखार अहमद, आसिफ हुसैन, मास्टर फरीद आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की है।**

## शिशु मंदिर में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** स्थानीय सत्येन्द्र गोयल सरस्वती शिशु मंदिर में गणतंत्र दिवस पर सर्राफा व्यापारी सचिन वर्मा ने ध्वजारोहण किया। छात्र - छात्राओं ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये , जिन्हें खूब सराहना मिली। सुरेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता तथा प्रधानाचार्य रामपाल सिंह भाटी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता अग्रवाल , ब्लॉक प्रमुख नजीबाबाद तपराज सिंह देशवाल , रवीन्द्र कौशिक , अखिलेश अग्रवाल , गगन कर्णवाल , अतुल अग्रवाल , मोहन सिंह , टीकम सिंह राठी , पंकज पाल , अखलाक हुसैन , योगेन्द्र अग्रवाल सहित काफी गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

